राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

AKSHANSH
PUBLICATION

# WOMEN SUPERVISOR

# महिला पर्यवेक्षक

- सामान्य हिन्दी
- General English
- गणित एवं सामान्य तर्क शक्ति
- पोषण एवं स्वास्थ्य का ज्ञान तथा योजनाएं
- शिशु की प्रारम्भिक देखभाल एवं शिक्षा

सभी प्रश्नों की व्याख्या सहित हल

**10 MODEL PAPER**

**10 OMR SHEETS**



Anil Sir | Marwadi Sir | Rahul sir | Kunal Sir | Ratan Sir

विशेषताएँ:

- परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
- नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन


## अक्षांश पब्लिकेशन

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur


व्याख्यात्मक हल
लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

AKSHANSH

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

# WOMEN SUPERVISOR
# महिला पर्यवेक्षक

- सामान्य हिन्दी
- General English
- गणित एवं सामान्य तर्क शक्ति
- पोषण एवं स्वास्थ्य का ज्ञान तथा योजनाएं
- शिशु की प्रारम्भिक देखभाल एवं शिक्षा

सभी प्रश्नों की व्याख्या सहित हल

**10 MODEL PAPER**

10 OMR SHEETS

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"

संपादक
**अनिल सर, मारवाड़ी सर, राहुल सर**
**कुणाल सर, रतन सर**
सह संपादक
**गंगासिंह, अनोपचंद मंडा, प्रकाश**
**अमृतलाल, धर्मेश, राकेश**

**MRP : ₹220**

प्रकाशन
**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**

**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

# अक्षांश प्रकाशन

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM | INSTAGRAM | YOUTUBE | FACEBOOK | WHATSAPP

बुक कोड - AP0070

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

इस पुस्तक में दी गई सभी जानकारियाँ, तथ्य और सूचनाएँ सावधानीपूर्वक सत्यापित की गई हैं। फिर भी यदि किसी जानकारी या तथ्य में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसके लिए प्रकाशक, संपादक या मुद्रक जिम्मेदार नहीं होंगे।

हमारा विश्वास है कि इस पुस्तक की सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रूप से तैयार की गई है। यदि किसी प्रकार का कॉपीराइट उल्लंघन सामने आता है, तो उसकी जिम्मेदारी प्रकाशक की नहीं होगी।

सभी विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक क्षेत्र उदयपुर रहेगा।

अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | मॉडल पेपर | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 22 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 23 - 44 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 45 - 65 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 66 - 87 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 88 - 109 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 110 - 131 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 132 - 153 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 154 - 175 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 176 - 196 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 197 - 217 |

1. सूची-I में दिए गए शब्दों का मिलान सूची-II में दी गई उनकी उपयुक्त संधि के साथ कीजिए–

| सूची-I (शब्द) | सूची-II (संधि) |
|---|---|
| a. यद्यपि | I. विसर्ग संधि |
| b. विद्यार्थी | II. यण संधि |
| c. निश्चय | III. व्यंजन संधि |
| d. संगम | IV. दीर्घ संधि |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–
(a) a-II, b-IV, c-III, d-I (b) a-III, b-I, c- II, d-IV
(c) a-II, b-IV, c-I, d- III (d) a-IV, b-III, e-I, d- II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

2. 'संकल्प' शब्द में कौन-सी संधि है?
(a) यण संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) गुण संधि
(e) अनुत्तरित प्रश्न

3. 'रसोईघर' सामासिक पद का उपयुक्त समास-विग्रह है-
(a) रसोई का घर (b) रसोई के लिए घर
(c) रसोई में घर (d) रसोई और घर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

4. निम्नलिखित में से किन शब्दों में 'प्रति' उपसर्ग का प्रयोग है?
A प्रत्येक B प्रयोग
C प्रसार D प्रतिकार
E प्रत्यक्ष
नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें–
(a) केवल A, B और C (b) केवल B, C और D
(c) केवल C, D और E (d) केवल A, D और E
(e) अनुत्तरित प्रश्न

5. निम्नलिखित में से 'ईय' प्रत्यय के योग से निर्मित शब्द है–
(a) आदरणीय (b) पाणिनीय
(c) स्मरणीय (d) रमणीय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

6. निम्नलिखित में से कौन–से शब्द 'सुंदर' के पर्यायवाची शब्द नहीं हैं?
A. रुचिर B. कांता
C. चारु D. रमणी
E. रम्य
नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए–
(a) केवल C और E (b) केवल D और A
(c) केवल A और B (d) केवल B और D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

7. निम्नलिखित में से कौन–सा विलोम–युग्म सही है?
(a) स्मरण – विस्मरण (b) खण्डन – विखण्डन
(c) नत – विनत (d) शिष्ट – विशिष्ट
(e) अनुत्तरित प्रश्न

8. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए–

| सूची I<br>शब्द | सूची II<br>विलोम शब्द |
|---|---|
| (a) कोप | (i) प्रकट |
| (b) गुप्त | (ii) कृपा |
| (c) नश्वर | (iii) आलोक |
| (d) तम | (iv) चिरंतन |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए –
(a) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(b) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)
(c) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(d) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

9. निम्नलिखित में से 'विग्रह' का अर्थ नहीं है–
(a) विकार (b) युद्ध
(c) आकृति (d) कलह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

10. 'अतल अतुल' शब्द-युग्म का/के सबसे उपयुक्त अर्थ निम्नांकित विकल्पों में से कौन-सा/से है/हैं?
(a) जिसकी तुलना न हो सके (b) जिसे टाला न जा सके
(c) सीमित (d) तलहीन
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए –
(a) केवल (b) और (a) (b) केवल (d) और (a)
(c) केवल (a) (d) केवल (c) और (d)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

11. निम्नलिखित में से कौन-से अशुद्ध शब्द हैं?
(a) पुण्य (b) प्रांगण
(c) प्रतिकुल (d) नीवृती
(e) परीणिती
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -
(a) केवल (a), (b), (c) (b) केवल (b), (c), (d)
(c) केवल (c), (d), (e) (d) केवल (a), (c), (e)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

12. शुद्ध वाक्य नहीं है-
(a) चारों वेदों के नाम बताओ।
(b) वे अनेक कला जानते हैं।
(c) मसूरी का दृश्य देखने योग्य है।
(d) गाय और बैल प्रायः यहाँ पानी पीते हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

13. कर्तृवाच्य का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) धनंजय खाता है। (b) पुस्तक पढ़ी जाती है।
(c) धूप में चला नहीं जाता। (d) आम खाया जाता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. निम्नलिखित में से कर्मवाच्य के उदाहरण हैं-**
**(a) केला खाया जाता है।**
**(b) सुनीता आम खाती है।**
**(c) लड़की द्वारा पत्र पढ़ा गया।**
**(d) रमेश द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।**
**(e) श्याम से देखा नहीं जाता।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -**
(a) केवल (b), (d), (e)
(b) केवल (b), (c), (d)
(c) केवल (a), (b), (c)
(d) केवल (a), (c), (d)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. निम्नांकित शब्दों पर ध्यान दीजिए-**
**(1) खाना** **(2) टहलना**
**(3) छींकना** **(4) तोड़ना**
**इनमें से अकर्मक क्रियाएँ हैं-**
(a) 1और 2 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. स्तंभ A में दिए गए वाक्यांशों का स्तंभ B में दिए गए उनके लिए प्रयुक्त एक शब्द से सही मिलान करें-**

| स्तंभ A (वाक्यांश) | स्तंभ B (एक शब्द) |
|---|---|
| P. जिसने अपना ऋण पूरा चुका दिया हो | 1. उचावा |
| Q. स्वप्न में बड़बड़ाना | 2. उच्छिष्ट |
| R. भोजन करने के बाद बचा हुआ अन्न/जूठन | 3. उटज |
| S. तिनकों से बना घर | 4. उऋण |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही संयोजन चुनें-**
(a) P-1, Q-2, R-3, S-4 (b) P-4, Q-1, R-2, S-3
(c) P-4, Q-1, R-3, S-2 (d) P-3, Q-4, R-1, S-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. 'रंग में भंग होना' मुहावरे का अर्थ है -**
(a) हतप्रभ हो जाना (b) शोभा की वृद्धि होना
(c) रंग खराब होना (d) आनंद में विघ्न पड़ना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. भेड़ जहाँ जाएगी, मुँडेगी' लोकोक्ति का अर्थ है-**
(a) दुविधा में फँस जाना
(b) प्रसिद्ध वस्तु, पर महत्त्वहीन
(c) कमजोर को कोई नहीं बख्शता
(d) दुष्ट के पास रहने से नाश होता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. 'Cognizable offence' का सही पारिभाषिक है –**
(a) संज्ञेय अपराध
(b) क्षमायोग्य अपराध
(c) अक्षम्य अपराध
(d) जघन्य अपराध
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए –**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| हिंदी शब्द (पारिभाषिक शब्द ) | अंग्रेजी प्रयोग |
| (a) खंड | (i) Appellant |
| (b) संहिता | (ii) Clause |
| (c) अभियुक्त | (iii) Code |
| (d) अपीलकर्ता | (iv) Accused |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -**
(a) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(b) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)
(c) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(d) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(iii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. Choose the correct form of the verb to complete the sentence from the given options-**
**"The child ........... for the last one hour."**
(a) was sleeping (b) slept
(c) has been sleeping (d) is sleeping
(e) Question not attempted

**22. Choose the correct option**
**The interviewer asked me my name. (Change into Passive Voice)**
(a) The interviewer had been asked my name by me.
(b) I was asked my name by the interviewer.
(c) I had been asked my name by the interviewer.
(d) I have been asked my name by the interviewer.
(e) Question not attempted

**23. Choose the correct answer from the given options**
**The teacher said to the students, "Take back your books", (Change into indirect speech)**
(a) The teacher told the students to take back books.
(b) The teacher asked the students to take back your books.
(c) The teacher ordered the students to take back your books.
(d)The teacher asked the students to take back their books.
(e) Question not attempted

24.. **The accused was hiding important evidence (Change to Negative)**
(a) The accused not hiding was important evidence.
(b) The accused was hiding not important evidence.
(c) The accused was not hiding important evi dence.
(d) The accused not hiding important evidence.
(e) Question not attempted

25. **Fill in the blank spaces in the given sentence choosing correct answer from the given options –**
**"........... tiger is ............ fierce wild animal."**
(a) the, a (b) the, the
(c) a, the (d) a, a
(e) Question not attempted

26. **Match the sentences in the Column (A) with appropriate prepositions in Column (B)–**

| Column (A) (Sentences) | Column (B) (Prepositions) |
|---|---|
| (A) The train met.......... an accident. | (I) for |
| (B) Such an idea would never occur........me. | (II) in |
| (C) He has been in this office.........a year. | (III) with |
| (D) Wise people do not believe....... superstitions. | (IV) to |

(a) (A)– (III), (B)–(IV), (C)–(I), (D)–(II)
(b) (A)– (IV), (B)–(I), (C)–(III), (D)–(II)
(c) (A)– (II), (B)–(III), (C)–(IV), (D)–(I)
(d) (A)–(I),(B)–(II),(C)–(III),(D)–(IV)
(e) Question not attempted

27. **Choose the correct English translation of the given sentence –**
**"मैं अपने कमरे में प्रवेश करने से पहले अपने जूते और मोजे उतार देता हूँ।"**
(a) I take out my shoes and socks at the time of entering my room.
(b) I take off my shoes and socks while entering my room.
(c) I take out my shoes and socks before I enter my room.
(d) I take off my shoes and socks before entering my room.
(e) Question not attempted

28. **For the word given in Hindi, choose the most appropriate word in English from the options below: 'असमर्थनीय'**
(a) unacceptable (b) untenable
(c) tenable (d) acceptable
(e) Question not attempted

29. **What is the most appropriate synonym of word "Sociable"?**
(a) Snob (b) Friendly
(c) Inhospitable (d) Bankrupt
(e) Question not attempted

30. **Identify the word that can best substitute the given expression:**
**"A state of worry or géneral unhappiness."**
(a) Dystopia (b) Dyxpraxia
(c) Dysphoria (d) Dystrophy
(e) Question not attempted

31. **Pick out the correct sentence from those given below**
(a) He'll probably say no, and it's worth asking.
(b) He'll probably say no, though it's worth asking.
(c) He'll probably say no, or it's worth asking.
(d) He'll probably say no, while it's worth asking.
(e) Question not attempted

32. **The positive degree of "worst" is:**
(a) worse (b) bad
(c) good (d) best
(e) Question not attempted

33. **एक कारखाने में स्त्री तथा पुरुष कर्मचारियों का अनुपात 3: 5 है यदि स्त्रियों की संख्या पुरुषों की संख्या से 40 कम हो, तो कारखाने में कुल कितने कर्मचारी है?**
(a) 60 (b) 160
(c) 100 (d) 200
(e) अनुत्तरित प्रश्न

34. **राम, अजय और असलम के मासिक वेतन $\frac{1}{15}:\frac{1}{10}:\frac{1}{6}$ के अनुपात में हैं। यदि उनके वेतनों में क्रमश: 10%, 10% और 20% की वृद्धि की जाती है, तो उनके वेतनों में अनुपात होगा :**
(a) 15 : 10 : 48 (b) 22 : 33 : 60
(c) 22 : 30 : 55 (d) 23 : 33 : 60
(e) अनुत्तरित प्रश्न

35. **150 का 37% – 1000 का 0.05% = ?**
(a) 50 (b) 55.5
(c) 55 (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**36. कमल के पास 200 टॉफी थी। उसने 5% टॉफी राम को, 15% टॉफी अमन को और कुल टॉफी का 1/4 वाँ भाग गोपाल को दिया। इन्हें बांटने के बाद कमल के पास कितनी टॉफी बचेगी?**

(a) 110 (b) 120
(c) 130 (d) 100
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. एक वस्तु को ₹ 230 में बेचने पर एक दुकानदार 15% का लाभ कमाता है। यदि वह उस वस्तु को ₹ 210 में बेचता है, तो उसका लाभ या हानि प्रतिशत क्या है?**

(a) 5% लाभ (b) 7% नुकसान
(c) 10% लाभ (d) 2% नुकसान
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. जब एक वस्तु को ₹69.60 का बेचा जाता है तो 25% हानि (Loss) होती है। वस्तु का लागत मूल्य (Cost Price) रुपये में क्या है?**

(a) ₹90.20 (b) ₹92.80
(c) ₹88.80 (d) ₹94.80
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. एक व्यापारी कुर्सी के अंकित मूल्य पर क्रमशः 20% एवं 10% की छूट देता है। यदि कुर्सी का मूल्य 2,000 रु. है, तो ग्राहक को कितना मूल्य चुकाना पड़ेगा?**

(a) 1400 (b) 1500
(c) 1600 (d) 1440
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. 8% प्रति वर्ष की दर से 5 वर्षों में 580 रुपये के ऋण (loan) का भुगतान किस वार्षिक भुगतान से होगा?**

(a) 100 (b) 80
(c) 120 (d) 78
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. रु. 3,000 पर 2 वर्ष के लिए 11% की वार्षिक साधारण ब्याज (SI) दर से कितनी धनराशि (a) प्राप्त होगी?**

(a) रु. 2,340 (b) रु. 3,660
(c) रु. 4,320 (d) रु. 3,330
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. रु. 25000 का 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज (CI) है, जबकि ब्याज वार्षिक देय है-**

(a) रु 5000 (b) रु 5250
(c) रु 5500 (d) रु 5750
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. यदि किसी राशि पर 7% वार्षिक दर से दूसरे वर्ष में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 15,729 है, तो राशि है:**

(a) ₹2,08,215
(b) ₹2,09,280
(c) ₹2,10,000
(d) ₹ 2,12,355
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. कथन :**
**राधिका में इतनी समझ है कि वह XYZ उत्पाद का बहिष्कार कर देगी।**
**धारणाएँ :**
**(I) XYZ उत्पाद लोकप्रिय (popular) नहीं है।**
**(II) XYZ उत्पाद का बहिष्कार करना बुद्धिमानी की निशानी है।**

(a) केवल (I) (b) केवल (II)
(c) (I) और (II) दोनों (d) न तो (I) और न ही (II)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानें, फिर निर्णय लें कि कौन सा निष्कर्ष उचित संदेह से परे कथन का अनुसरण करता है।**
**कथनः**
**एक राज्य के मुख्यमंत्री ने अपने तीन मंत्रियों को शाम तक या तो अपना इस्तीफा सौंपने या अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने के लिए कहा। उनमें से दो ने तुरंत इस्तीफा दे दिया।**
**निष्कर्षः**
**I. शेष एक मंत्री शाम तक इस्तीफा दे देगा।**
**II. मुख्यमंत्री उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई (disciplinary action) करेंगे।**

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) या तो I या II अनुसरण करता है
(d) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. एक आदमी पश्चिम की ओर 31 m चला। फिर वह अपने बाएँ मुड़ा और 31 m चला। इसके बाद वह अपने दाएँ मुड़ा और 31 m चला। अंत में वह फिर से दाएँ मुड़ा और 31 m चला। आदमी अब किस दिशा के सम्मुख खड़ा है?**

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. एक लड़की स्कूल जाना चाहती है। वह अपने घर से चलना प्रारम्भ करती है, जो पूर्व दिशा में स्थित है, और उसे आगे एक चौराहा मिलता है। बायीं ओर की सड़क जंगल की ओर जाती है एवं सीधी सड़क एक बाजार को जाती है, तो उसका स्कूल किस दिशा में है?**

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म विषम है?**

(a) इराक : एशिया (b) केन्या : अफ्रीका
(c) काठमांडू: नेपाल (d) स्पेन : यूरोप
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. निम्न में से कौन-सा दूसरों से अलग है?**
(a) इंच (b) आउन्स
(c) सेन्टीमीटर (d) यार्ड
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. एक निश्चित कूट में 'AMNESTY' को 'NMAEYTS' लिखा जाता है। इसी कूट में 'BRIGADE' को कैसे लिखा जाएगा?**
(a) IRBGEDA (b) EDAGBRI
(c) ADEGBRI (d) EDAGIRB
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. यदि 'AMPLE' को '47' के रूप में कोडित (कूटित) किया जाता है और 'SAMPLE' को '66' के रूप में कोडित किया जाता है, तो 'AMPLIFY' को कैसे कोडित (कूटित) किया जाएगा?**
(a) 113 (b) 75
(c) 83 (d) 82
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. यदि परसों (बीते हुए दिन के पहले का दिन) रविवार था, तो आज के बाद चौथा दिन क्या होगा-**
(a) सोमवार (b) शुक्रवार
(c) बुधवार (d) शनिवार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. निम्नलिखित प्रशस्तियों को उनके समयानुसार सुमेलित कीजिए–**

| | |
|---|---|
| **A. रणकपुर प्रशस्ति** | **1.1460 ई.** |
| **B. कुम्भलगढ़ प्रशस्ति** | **2.1594 ई.** |
| **C. राज प्रशस्ति** | **3.1439 ई.** |
| **D. बीकानेर प्रशस्ति** | **4.1676 ई.** |

**कूट–**
(a) A-3, B-1, C-4, D-2 (b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-2, B-4, C-1, D-3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. कालीबंगा सभ्यता के संदर्भ में सबसे असत्य कथन का चयन करें।**
(a) यह सभ्यता राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित है।
(b) कालीबंगा एक सुनियोजित शहर था, घरों के निर्माण के लिए धूप में बनी ईटों का उपयोग किया जाता था।
(c) कालीबंगा में जुताई वाले खेत का कोई प्रमाण नहीं मिला है।
(d) प्राचीन दृषद्वती और सरस्वती नदी घाटी (वर्तमान घग्गर नदी क्षेत्र) ने कालीबंगा की सभ्यता को जन्म दिया।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. अजमेर के चौहानों के विषय में निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए-**
**(अ) अजयराज ने अपनी राजधानी सांभर से अजमेर स्थानांतरित की थी।**
**(ब) अजयराज ने अपनी राजधानी में प्रसिद्ध झील का निर्माण करवाया और उसका नाम आनासागर रखा।**
(a) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य हैं। (b) केवल (ब) सत्य है।
(c) (अ) एवं (ब) दोनों असत्य हैं। (d) केवल (अ) सत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. चित्तौड़गढ़ में रावल समर सिंह (1273–1302 CE) के काल में साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियाँ फली–फूलीं, उस समय के प्रसिद्ध वास्तुकार/कारीगर थे:**
**1. पद्म सिंह 2. केल सिंह**
**3. शिल्पी केयलान 4. शिल्पी कर्मा**
**5. अमित सिंह सूरी**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) केवल 1, 3 और 4 (b) केवल 1, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 2, 3, और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. कछवाह वंश के निम्न शासकों को कालक्रमानुसार (पहले से बाद तक) व्यवस्थित कीजिए–**
**1. सवाई जयसिंह तृतीय 2. सवाई जगतसिंह**
**3. सवाई माधोसिंह द्वितीय 4. सवाई रामसिंह द्वितीय**
(a) 2, 3, 4, 1 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 1, 4, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. अंग्रेजों द्वारा भीलों के विद्रोहों का दमन करने हेतु किये गये प्रयासों में निम्नांकित में से कौनसा तथ्य सही नहीं है?**
(a) 'मेवाड़ भील कॉर्ब्स' का मुख्यालय उदयपुर राज्य में 'खेरवाड़ा' में रखा गया।
(b) अंग्रेजों ने सेना द्वारा भीलों के दमन हेतु 1836 ई. में 'जोधपुर लीजन' सेना का गठन किया था।
(c) 1837 ई. में 'जोधपुर लीजन' का मुख्यालय अजमेर से सिरोही के बड़गांव में स्थानान्तरित कर दिया गया था।
(d) 1838 ई. में 'मेवाड़ भील कॉर्ब्स' की स्थापना की गई थी।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. घटनाओं का कालानुक्रम है?**
**1. डाबड़ा काण्ड 2. नीमूचाना काण्ड**
**3. चण्डावल काण्ड 4. मानगढ़ पहाड़ी हत्याकाण्ड**
(a) 1, 2, 4, 3 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 2, 3, 1 (d) 3, 1, 4, 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. मारवाड़ के राजनैतिक संगठनों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए –**
**(1) मारवाड़ हितकारिणी सभा (2) मारवाड़ यूथ लीग**
**(3) मारवाड़ प्रजामण्डल (4) मारवाड़ लोक परिषद्**
(a) 1 2 3 4 (b) 1 4 3 2
(c) 1 3 4 2 (d) 4 1 3 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. राजस्थान के जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें –**
**(i) श्रीगंगानगर (ii) जालौर**
**(iii) जोधपुर (iv) बीकानेर**
**कूट-**
(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (ii), (iv), (iii), (i)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. कॉलम I में चोटियों को उनकी कॉलम II ऊँचाई के अनुसार मिलाइये**

| कॉलम I (चोटियाँ) | कॉलम II (ऊँचाई) |
|---|---|
| I. खो/खोह | A. 885 मीटर (अजमेर) |
| II. रघुनाथगढ़ | B. 1727 मीटर (सिरोही) |
| III. तारागढ़ | C. 1055 मीटर (सीकर) |
| IV. गुरु शिखर | D. 920 मीटर (जयपुर) |

(a) I-B, II-D, III-A, IV-C (b) I-B, II-A, III-C, IV-D
(c) I-D, II-C, III-A, IV-B (d) I-A, II-B, III-D, IV-C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. निम्नलिखित कारकों में से कौन-से राजस्थान की जलवायु परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार हैं-**
**कारक:**
**1. भौगोलिक अवस्थिति 2. समुद्र से दूरी**
**3. उच्चावच लक्षण 4. वायुमण्डलीय संचरण**
(a) केवल 2, 3 (b) सभी 1, 2, 3 व 4
(c) केवल 2, 3 व 4 (d) केवल 1, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए**

| सूची-I (मृदा के प्रकार) | सूची-II (सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषताएं) |
|---|---|
| a. लाल पीली मृदा | I. रेतीली दोमट संरचना होती है। |
| b. मरुस्थली मृदा | II. लौह अंश की मौजूदगी |
| c. काली मृदा | III. जल धारण एवं शोषण क्षमता कम पायी जाती है। |
| d. जलोढ़ मृदा | IV. चीका प्रधान मृदा |

(a) a-II, b-III, c-IV, d-I (b) a-I, b-III, c-II, d-IV
(c) a-II, b-IV, c-I, d-III (d) a-I, b-III, c-IV, d-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. सही कथनों का चयन कीजिए-**
**1. लूनी नदी क्रम का अधिकांश अपवाह क्षेत्र राजस्थान में है।**
**2. खारी नदी बनास नदी की सहायक नदी है।**
**3. बनास नदी खमनौर की पहाड़ियों से निकलती है।**
(a) 1 और 3 सही हैं। (b) 1, 2 और 3 सही हैं।
(c) 1 और 2 सही हैं। (d) 2 और 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए –**

| सूची -I (बाँध) | सूची II (नदी) |
|---|---|
| A. बीसलपुर | I. चंबल |
| B. अरवार | II. कोठारी |
| C. जवाहर सागर | III. बनास |
| D. मेज़ा | IV. खारी |

(a) A-III, B-IV, C-I, D-II
(b) A-III, B-IV, C-II, D-I
(c) A-III, B-II, C-IV, D-I
(d) A-IV, B-I, C-III, D-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. वनों का जिलों से सुमेलन करें।**

| वन | ज़िला |
|---|---|
| A. शुष्क वन | I. अलवर |
| B. सदाबहार वन | II. बांसवाड़ा |
| C. मिश्रित पतझड़ वन | III. माउण्ट आबू |
| D. शुष्क सागवान वन | IV. जैसलमेर |

(a) A-IV, B-III, C-II, D-I (b) A-I, B-II, C-III, D-IV
(c) A-II, B-III, C-I, D-IV (d) A-IV, B-III, C-I, D-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए –**

| सूची-I (पशुधन) | सूची-II (नस्ल) |
|---|---|
| A. भेड़ | (i) सूरती |
| B. गौवंश | (ii) नाली |
| C. भैंस | (iii) बरबरी |
| D. बकरी | (iv) सांचोरी |

**कूट :**
(a) A-iii B-i C-iv D-ii (b) A-ii B-iv C-iii D-i
(c) A-ii B-iv C-i D-iii (d) A-iv B-iii C-i D-ii
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. निम्नलिखित सूची-I (किलों) का सूची-II (मंदिरों/ किलों के अन्दर स्थित दरगाहों) के साथ मिलान कर सही उत्तर चुनें-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. आमेर किला, जयपुर | 1. दरगाह मीरान साहिब |
| B. तारागढ़, अजमेर | 2. दरगाह मीठे साहिब |
| C. गागरोण, झालावाड़ | 3. शिलादेवी मंदिर |
| D. मेहरानगढ़, जोधपुर | 4. चामुण्डा माता मंदिर |

(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-3, B-2, C-1, D-4
(c) A-4, B-1, C-2, D-3 (d) A-1, B-2, C-4, D-3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. अलवर के बाला किला के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) भरतपुर के राजा सूरजमल ने किले के अंदर एक जलाशय सूर्य कुण्ड बनवाया।
(b) निकुंभों की चतुर्भुज देवी किले में स्थापित हैं।
(c) इसमें 15 बड़े और 52 छोटे बुर्ज हैं।
(d) विनयसिंह द्वारा हवा बंगला बुर्ज बनवाया गया था।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. छतरी-स्थल के गलत युग्म चुनिए-**
**1. 84 खंभों की छतरी - कोटा**
**2. ब्राह्मण देवता की छतरी - मण्डोर**
**3. मामा भांजा की छतरी - जयपुर**
**4. कुंवर पृथ्वीराज की छतरी - कुंभलगढ़**
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 1 और 4 (d) केवल 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **(A) सिंहथल शाखा** | **(1) संत रामचरण** |
| **(B) रैण शाखा** | **(2) संत हरिराम दास** |
| **(C) खेड़ापा शाखा** | **(3) संत रामदास** |
| **(D) शाहपुरा शाखा** | **(4) संत दरियाव** |

(a) A-1, B-3, C-2, D-4 (b) A-2, B-4, C-3, D-1
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-3, B-1, C-4, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. चित्रकला की किशनगढ़ शैली के विषय में कौन से कथन सही हैं?**
**A. राधा और कृष्ण का रूप सौंदर्य ही चित्रांकन का मुख्य विषय है।**
**B. अधिकांश चित्रों में स्त्रियों का पहनावा लहँगा, चोली और पारदर्शी आँचल हैं।**
**C. इस शैली के चित्रकार सीताराम, भवानीदास एवं कल्याणदास हैं ।**
**सही विकल्प चुनिए :**
(a) A, B और C (b) A और B
(c) B और C (d) A और C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. राजस्थान की प्रसिद्ध लोक कला 'बेवाण' है-**
(a) खादी के कपड़े पर लोक देवता के जीवन को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करना।
(b) लकड़ी से निर्मित सिंहासन जिस पर ठाकुर जी की मूर्ति को श्रृंगारित करके बैठाया जाता है।
(c) लकड़ी से निर्मित तलवारनुमा आकृति जिसका उपयोग रामलीला नाटक में किया जाता है।
(d) कपाटों युक्त लकड़ी से निर्मित मंदिरनुमा आकृति।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. सुमेलित कीजिए-**

| **शरीर के अंग** | **गहने** |
|---|---|
| **(A) कान** | **(1) कन्दोरा** |
| **(B) गला** | **(2) दामणा** |
| **(C) अंगुलियाँ** | **(3) मांदल्या** |
| **(D) कमर** | **(4) अंगोटिया** |

**कूट:**
(a) A-1, B-3, C-2, D-4
(b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-2, B-4, C-1, D-3
(d) A-4, B-3, C-2, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. नेतृत्व क्षमता के विकास में "आत्म-जागरूकता" का सर्वाधिक महत्त्व क्यों माना जाता है?**
(a) यह अनुशासन लागू करती है
(b) यह आदेश पालन कराती है
(c) यह व्यक्ति को अपनी शक्तियों व सीमाओं का बोध कराती है
(d) यह संगठनात्मक नियंत्रण बढ़ाती है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. निम्न में से कौन-सा गुण नेता को "स्वीकार्य" बनाता है?**
(a) कठोरता (b) भावनात्मक संतुलन
(c) अत्यधिक नियंत्रण (d) व्यक्तिगत श्रेष्ठता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**78. आंतरिक गवर्नेंस में "संचार तंत्र" की भूमिका क्या है?**
(a) औपचारिक आदेश तक सीमित
(b) नियंत्रण का माध्यम
(c) समन्वय और सहयोग का आधार
(d) केवल रिपोर्टिंग हेतु
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. समूह निर्णय-निर्माण में नेतृत्व की सफलता किस पर निर्भर करती है?**
(a) बहुमत थोपने पर
(b) नेता की व्यक्तिगत इच्छा पर
(c) सभी सदस्यों की सहभागिता पर
(d) केवल नियमों पर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. नेतृत्व विकास में टीम वर्क क्यों आवश्यक माना जाता है?**
(a) यह व्यक्तिगत निर्णय सीमित करता है
(b) यह केवल सामाजिकता बढ़ाता है
(c) यह सहयोग, जिम्मेदारी और सामूहिक सोच विकसित करता है
(d) यह अनुशासन कमजोर करता है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**81. सम्प्रेषण की सर्वाधिक वैज्ञानिक परिभाषा कौन-सी है?**
(a) सूचना का स्थानांतरण
(b) संदेश भेजने की प्रक्रिया
(c) अर्थ की साझी समझ स्थापित करने की प्रक्रिया
(d) विचारों की अभिव्यक्ति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. सम्प्रेषण की प्रकृति उद्देश्यपूर्ण क्यों मानी जाती है?**
(a) यह अनिवार्य है (b) यह स्वत: होती है
(c) यह लक्ष्य प्राप्ति हेतु होती है (d) यह औपचारिक होती है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**83. अमौखिक सम्प्रेषण का उदाहरण नहीं है–**
(a) हाव-भाव (b) नेत्र संपर्क
(c) पत्र (d) शारीरिक मुद्रा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. समय प्रबंधन की सर्वाधिक उपयुक्त परिभाषा कौन-सी है?**
(a) समय बचाने की कला
(b) कार्यों को शीघ्र करने की प्रक्रिया
(c) समय का योजनाबद्ध एवं उद्देश्यपूर्ण उपयोग
(d) अधिक कार्य करने की क्षमता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**85. लक्ष्य निर्धारण समय प्रबंधन में क्यों आवश्यक है?**
(a) कार्य बढ़ाने हेतु (b) दिशा और स्पष्टता हेतु
(c) दबाव बढ़ाने हेतु (d) प्रतिस्पर्धा हेतु
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. समय प्रबंधन में सबसे बड़ी बाधा क्या मानी जाती है?**
(a) कार्यभार (b) संसाधन
(c) टालमटोल (Procrastination)
(d) योजना (e) अनुत्तरित प्रश्न

**87. समुदाय की सर्वाधिक उपयुक्त समाजशास्त्रीय परिभाषा कौन-सी है?**
(a) व्यक्तियों का समूह
(b) समान हितों वाला संगठन
(c) समान क्षेत्र, भावना और पारस्परिक संबंधों से जुड़ा समूह
(d) प्रशासनिक इकाई
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**88. 'लोकतांत्रिक सहभागिता' का अर्थ है–**
(a) बहुमत थोपना (b) सभी की सक्रिय भागीदारी
(c) केवल नेताओं की भूमिका (d) प्रशासनिक निर्णय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. 'नीचे से ऊपर' दृष्टिकोण का अर्थ है–**
(a) सरकारी योजना (b) विशेषज्ञ केंद्रित योजना
(c) समुदाय केंद्रित योजना (d) प्रशासनिक आदेश
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**90. मोबिलाइजेशन में स्वयंसेवकों की भूमिका क्या है?**
(a) नियंत्रण (b) मध्यस्थता और प्रेरणा
(c) प्रशासन (d) राजनीति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. आपको एक स्वस्थ आहार योजना तैयार करनी है। निम्नलिखित आहार संबंधित पहलुओं को उस सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए, जिससे भोजन शरीर और मन दोनों के लिए सबसे लाभकारी हो-**
**1. आहार जो शरीर को आवश्यक ऊर्जा प्रदान करे।**
**2. भोजन का सही समय और अंतराल।**
**3. पाचन को सुचारू बनाने के लिए पर्याप्त पानी और फाइबर।**
**4. आसानी से पचने वाला और हल्का भोजन।**
**5. भोजन से जुड़े मानसिक और व्यवहारिक पहलू।**
**सही क्रम चुनिए:**
(a) 1 → 2 → 3 → 4 → 5 (b) 2 → 1 → 4 → 3 → 5
(c) 1 → 3 → 2 → 4 → 5 (d) 1 → 4 → 3 → 2 → 5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. यदि किसी व्यक्ति का BMI 27 है, तो यह.......... सीमा के भीतर आता है।**
(a) कम वजन (b) स्वस्थ वजन
(c) अधिक वजन (d) मोटापा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**A. संतुलित आहार में जल, रफेज और सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होने चाहिए।**
**B. संतुलित आहार लेने के लिए बहुत अधिक धन खर्च करना आवश्यक नहीं है।**
**C. अलग-अलग आयु समूहों के लिए संतुलित आहार की मात्रा और प्रकार अलग होता है।**
**D. व्यक्ति द्वारा किए गए शारीरिक कार्य की मात्रा संतुलित आहार की आवश्यकता को प्रभावित करती है।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही हैं?**
(a) A, B और D (b) A और C
(c) B, C और D (d) A, B, C और D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. निम्नलिखित में से कौन सा संतृप्त वसा का प्रमुख स्रोत है?**
(a) तिल का तेल (b) अंडा
(c) दूध (d) सूरजमुखी का तेल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. अभिकथन (A): मोटापा अत्यधिक मात्रा में वसा ग्रहण करने से होता है जो शरीर में जमा हो जाती है।**
**तर्क (R): शारीरिक गतिविधियों की कमी होने पर शरीर में जमा वसा का उपापचयन नहीं हो पाता है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. कौन-सा विटामिन युग्म जल में घुलनशील नहीं हैं?**
(a) राइबोफ्लेवीन, पैंटोथैनिक अम्ल
(b) निएसिन, साइनोकोबालामीन
(c) निकोटिनिक अम्ल, एस्कोर्बिक अम्ल
(d) टोकोफीरोल, रैटीनॉल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. एंटथ्रोम्बिन III और प्रोटीन C का कार्य, रुधिर थक्का जमने की प्रक्रिया में किससे सुमेलित है?**
(a) प्लाज्मिन
(b) हिपेरिन
(c) विटामिन K
(d) कैल्सियम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. निम्नलिखित में से कौन सा खसरा का एक लक्षण नहीं है?**
(a) शरीर का सामान्य तापमान
(b) नेत्रों से पानी आना
(c) आवाज की स्वरकर्कशता
(d) बहती नाक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. कौन-सी योजना ICDS (समन्वित बाल विकास योजना) से संबंधित नहीं है?**
(a) आँगनवाड़ी सेवा योजना (b) ग्रामीणों के लिए आवास योजना
(c) पोषण अभियान (d) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनिए:**
**अभिकथन (A): टीकाकरण बीमारियों को रोकता है।**
**कारण (R): बच्चों को टीका जरुर लगाना चाहिए।**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य है, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**101. कौन-से पोषक तत्व हमें काम करने के लिए ऊर्जा देते हैं?**
(a) वसा और कार्बोहाइड्रेट (b) विटामिन और खनिज
(c) प्रोटीन (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**102. शिशु की शैशवावस्था की आयु सीमा क्या है?**
(a) जन्म से 6 माह (b) जन्म से 2 वर्ष
(c) जन्म से 2 माह (d) 1–3 वर्ष
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**103. शैशवावस्था में जन्म भार का 6 महीने में औसत वृद्धि कितनी होती है?**
(a) जन्म भार के 1.5 गुना (b) जन्म भार के 2 गुना
(c) जन्म भार के 2.5 गुना (d) जन्म भार के 3 गुना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**104. स्वस्थ, सुपोषित वयस्क की ऊर्जा आवश्यकता के बराबर होती है।**
(a) कुल ऊर्जा व्यय (b) आंशिक ऊर्जा व्यय
(c) अपूर्ण ऊर्जा व्यय (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**105. वयस्कों के लिए वसा का स्रोत क्या हो सकता है?**
(a) मांस, घी, तेल (b) चावल और दाल
(c) सब्जियाँ (d) फल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**106. वृद्धावस्था में उपापचय दर कैसे बदलती है?**
(a) बढ़ जाती है
(b) घट जाती है
(c) स्थिर रहती है
(d) केवल मानसिक क्रियाओं में बदलती है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**107. नवजात की अवधि कितनी होती है?**
(a) 1-2 साल की आयु तक (b) 1-3 साल की आयु
(c) जीवन के पहले 28 दिन (d) जीवन के 1 साल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**108. BCG टीका किस रोग से बचाता है?**
(a) पोलियो
(b) तपेदिक
(c) खसरा
(d) टिटनेस
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**109. गर्भावस्था में वजन की नियमित निगरानी क्यों आवश्यक है?**
(a) सौंदर्य के लिए
(b) मोटापा बढ़ाने के लिए
(c) माँ व भ्रूण के स्वास्थ्य का आकलन करने हेतु
(d) प्रसव तिथि बदलने हेतु
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**110. टीकाकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(a) रोगों का इलाज करना (b) रोगों से सुरक्षा प्रदान करना
(c) दवाएं बनाना (d) अस्पताल चलाना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**111. टीका कौन-सी चीज़ को सक्रिय करता है?**
(a) प्रतिरक्षा प्रणाली (b) पाचन क्रिया
(c) रक्तचाप (d) तंत्रिका
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**112. टीका शरीर में किसके उत्पादन को बढ़ाता है?**
(a) हार्मोन (b) प्रतिरक्षा कोशिकाएँ
(c) लार (d) पित्त
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**113. टीकाकरण से शरीर किससे लड़ने में सक्षम होता है?**
(a) प्रकाश (b) संक्रमण
(c) ताप (d) गुरुत्व
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**114. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) की शुरुआत कब हुई?**
(a) 20 अप्रैल, 2003 (b) 1 अप्रैल, 2004
(c) 12 अप्रैल, 2005 (d) 1 मई, 2013
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**115. NRHM किस मिशन का उप-मिशन है?**
(a) RCH (b) UIP
(c) NHM (d) NITI Aayog
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**116. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत कितने उप-मिशन हैं?**
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**117. NRHM का एक प्रमुख उद्देश्य क्या है?**
(a) मेडिकल कॉलेज खोलना
(b) सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ
(c) निजीकरण
(d) बीमा योजना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**118. कुपोषण का सबसे अधिक प्रभाव किस पर पड़ता है?**
(a) वृद्ध (b) पुरुष
(c) बच्चे (d) खिलाड़ी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**119. निम्न में से कुपोषण से कौन-सी बीमारी होती है?**
(a) मधुमेह (b) उच्च रक्तचाप
(c) रक्ताल्पता (d) कैंसर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**120. राष्ट्रीय पोषण नीति कब लागू हुई?**
(a) 1985 (b) 1990
(c) 1993 (d) 2000
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**121. बच्चों में दस्त का सबसे सामान्य कारण क्या है?**
(a) जीवाणु संक्रमण (b) विषाणु संक्रमण
(c) कृमि संक्रमण (d) एलर्जी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**122. ORS का मुख्य उद्देश्य है-**
(a) दस्त रोकना (b) संक्रमण मारना
(c) निर्जलीकरण रोकना (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**123. गंभीर निर्जलीकरण का लक्षण है-**
(a) सामान्य प्यास (b) धंसी हुई आँखें
(c) सामान्य पेशाब (d) गुलाबी त्वचा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**124. नवजात शिशु की आँखों का संक्रमण कहलाता है-**
(a) कंजक्टिवाइटिस (b) ट्रेकोमा
(c) ग्लूकोमा (d) मोतियाबिंद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**125. गलघोटू (Diphtheria) में रोग का सबसे गंभीर और जीवन-घातक खतरा क्या है?**
(a) दस्त
(b) सांस की नली अवरुद्ध होना और श्वसन विफलता
(c) उल्टी
(d) लगातार खाँसी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**126. नवजात और बच्चों में टिटनेस (Tetanus) का मुख्य कारण और संक्रमण का प्राथमिक मार्ग क्या है?**
(a) रेबीज वायरस
(b) क्लोस्ट्रीडियम टिटेनी बैक्टीरिया
(c) एस्केरिस लम्ब्रीकोइड्स
(d) प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**127. काली खाँसी (Pertussis) में सबसे गंभीर और जानलेवा जटिलता क्या है, विशेषकर शिशु और छोटे बच्चों में?**
(a) निर्जलीकरण (Dehydration) के कारण इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन
(b) साँस रुकना (Apnea/Respiratory Arrest) और हाइपॉक्सिया
(c) दस्त (Diarrhea) और मल त्याग में असुविधा
(d) एलर्जिक प्रतिक्रिया (Allergic Reaction) या त्वचा पर चकत्ते
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**128. टीबी (Tuberculosis) का मुख्य रोगजनक कौन सा है और यह मुख्य रूप से किस अंग को प्रभावित करता है?**
(a) इन्फ्लूएंजा वायरस (b) मायकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस
(c) कैंडिडा एल्बिकन्स (d) गोलकृमि
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**129. निमोनिया से मृत्यु का मुख्य कारण है—**
(a) दस्त (b) सांस रुकना
(c) उल्टी (d) एलर्जी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**130. एनीमिया (Anemia) क्या होता है?**
(a) शरीर में शुगर की कमी (b) रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी
(c) शरीर में पानी की कमी (d) रक्तचाप का बढ़ना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**131. 'विकास' की सर्वाधिक उपयुक्त अवधारणा क्या है?**
(a) केवल शारीरिक वृद्धि (b) मात्र आयु में परिवर्तन
(c) गुणात्मक एवं मात्रात्मक परिवर्तनों की सतत प्रक्रिया
(d) केवल मानसिक परिवर्तन (e) अनुत्तरित प्रश्न

**132. विकास को "गर्भधारण से मृत्युपर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया" किस सिद्धांत में माना गया है?**
(a) वर्तुलाकार विकास (b) विकास की गति
(c) सतत/निरन्तर विकास (d) एकीकरण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**133. यदि किसी बालक में भाषा विकास अपेक्षाकृत देर से हो रहा है, पर गामक विकास सामान्य है, तो यह किस सिद्धांत की पुष्टि करता है?**
(a) समान प्रतिमान (b) विकास की असमान गति
(c) सामान्य से विशिष्ट (d) सतत विकास
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**134. भाषा विकास की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील (Critical Period) अवस्था कौन-सी है?**
(a) गर्भावस्था (b) शैशवावस्था
(c) प्रारंभिक बाल्यावस्था (d) किशोरावस्था
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**135. पहचान (Identity) का संकट किस अवस्था से संबंधित है?**
(a) प्रारंभिक बाल्यावस्था (b) उत्तर बाल्यावस्था
(c) किशोरावस्था (d) प्रौढ़ावस्था
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**136. निम्न में से कौन-सा कथन अनुवांशिकता के प्रभाव को सर्वाधिक सही दर्शाता है?**
(a) अनुवांशिकता केवल शारीरिक विकास को प्रभावित करती है
(b) बुद्धि पूर्णतः पर्यावरण से निर्धारित होती है
(c) अनुवांशिकता विकास की संभावनाओं की सीमा निर्धारित करती है
(d) व्यक्तित्व केवल सामाजिक अनुभवों से बनता है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**137. प्रि-नेटल विकास की प्रथम अवस्था कहलाती है–**
(a) भ्रूण अवस्था (b) गर्भकालीन अवस्था
(c) युग्मनज अवस्था (d) शैशव अवस्था
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**138. जन्म से प्रथम तीन वर्षों को विकास की दृष्टि से क्यों अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता है?**
(a) सामाजिक नियम सीखने के **कारण**
(b) नैतिक विकास प्रारम्भ होने के कारण
(c) मस्तिष्क के तीव्र विकास के कारण
(d) औपचारिक शिक्षा प्रारम्भ होने के कारण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**139. कथन (A): 3–6 वर्ष की अवस्था को कल्पनाशील खेलों की अवस्था कहा जाता है।**
**कारण (R): इस आयु में बालक में प्रतीकात्मक चिंतन विकसित हो जाता है।**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं करता।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**140. आयु-अनुरूप सीखने का मूल सिद्धांत किस पर आधारित है?**
(a) पाठ्यवस्तु की कठिनाई
(b) शिक्षक की विशेषज्ञता
(c) बालक की विकासात्मक परिपक्वता
(d) परीक्षा प्रणाली
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**141. पूर्व-प्राथमिक स्तर पर लिखित कार्य पर अत्यधिक बल देने से–**
(a) भाषा दक्षता बढ़ती है (b) सृजनात्मकता घटती है
(c) अनुशासन बढ़ता है (d) अधिगम तीव्र होता है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**142. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है-**
(a) अधिगमकर्ता का स्वास्थ्य अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है।
(b) अधिगम में उपलब्धि अभिप्रेरणा की कोई भूमिका नहीं है।
(c) विषयवस्तु की प्रकृति अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करती है।
(d) इनमें से कोई नहीं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**143. "चिन्तन मानसिक क्रिया का ज्ञानात्मक पक्ष है।" यह कथन है–**
(a) गैरेट (b) रॉस
(c) हेमैन (d) वैलेंटाइन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**144. शारीरिक एवं गत्यात्मक विकास का वैज्ञानिक क्रम कौन-सा है?**
(a) सामान्य से विशिष्ट (b) मस्तक से पाद
(c) निकट से दूर (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**145. संज्ञानात्मक विकास का मूल अभिप्राय है–**
(a) शारीरिक वृद्धि
(b) भावनात्मक परिपक्वता
(c) सोचने–समझने की क्षमताओं का विकास
(d) सामाजिक अनुकूलन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**146. संज्ञानात्मक विकास के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) विकास क्रमिक होता है
(b) विकास केवल आनुवंशिकता पर निर्भर है
(c) अनुभव विकास को प्रभावित करता है
(d) परिपक्वता का प्रभाव पड़ता है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**147. भाषा विकास में 'जैविक पूर्वप्रवृत्ति' (Biological Predisposition) पर सर्वाधिक बल किसने दिया?**
(a) स्किनर (b) नोम चॉम्स्की
(c) पियाजे (d) बैंडुरा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**148. सामाजिक विकास में 'भूमिका-अधिगम' (Role Taking) की अवधारणा किससे संबंधित है?**
(a) जीन पियाजे (b) जॉर्ज हर्बर्ट मीड
(c) अल्बर्ट बंडूरा (d) सिगमंड फ्रायड
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**149. सृजनात्मकता को 'विभिन्न दिशाओं में सोचने की क्षमता' किसने कहा?**
(a) थॉर्नडाइक (b) गिलफोर्ड
(c) स्किनर (d) फ्रायड
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**150. कथन (A): शाला-पूर्व शिक्षा औपचारिक शिक्षा की आधारशिला है।**
**कारण (R): यह बालक के सर्वांगीण विकास को प्रारम्भिक अवस्था में प्रोत्साहित करती है।**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है
(b) A और R दोनों सही हैं, पर R सही व्याख्या नहीं करता
(c) A सही, R गलत
(d) A गलत, R सही
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

**1. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ यद्यपि = यदि + अपि (यण् स्वर संधि)
विद्यार्थी = विद्या + अर्थी (दीर्घ स्वर संधि)
निश्चय = नि: + चय (विसर्ग संधि)
संगम = सम् + गम (व्यंजन संधि)

**2. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ 'संकल्प' शब्द में व्यंजन संधि है।
➢ संकल्प = सम् + कल्प
➢ **नियम -** म् के बाद जिस वर्ग का व्यंजन आता है, अनुस्वार उसी के वर्ग का नासिक्य (ङ्, ञ,ण, न्, म्) अथवा अनुस्वार बन जाता है।

**जैसे–**

➢ सम् + कर = संकर – सम् + कीर्ण = संकीर्ण

**3. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **'रसोईघर' =** रसोई के लिए घर (संप्रदान तत्पुरुष समास)

**4. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ प्रति + एक = प्रत्येक
➢ प्रति + कार = प्रतिकार
➢ प्रति + अक्ष = प्रत्यक्ष
➢ प्रति उपसर्ग का अर्थ – विपरीत, प्रत्येक, ओर।

**5. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ आदरणीय = आदर + अनीय
पाणिनीय = पाणिनि + ईय
स्मरणीय = स्मर + अनीय
रमणीय = रम + अनीय

**6. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **सुंदर के पर्यायवाची शब्द –** चारु, कल, मनोहर, रमणीय, रम्य, रुचिकर, ललाम, रुचिर, ललित, शोभन, सुरम्य, सुहावना, मंजुल।
➢ **पत्नी के पर्यायवाची शब्द –** अर्धांगिनी, कांता, गृहिणी, बहू, भार्या, वधू, दारा इत्यादि।
➢ रमणी, नारी का पर्यायवाची है।

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ स्मरण – विस्मरण विलोम युग्म सही है।
➢ शिष्ट – अशिष्ट, खंडन – मंडन, नत – उन्नत

**8. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **कोप** का अर्थ है क्रोध, जिसका विलोम **कृपा** होता है।
➢ **गुप्त** का अर्थ है छिपा हुआ, जिसका विलोम **प्रकट** (सामने आना) होता है।
➢ **नश्वर** का अर्थ है नष्ट होने वाला, जिसका विलोम **चिरंतन** (शाश्वत या हमेशा रहने वाला) होता है।
➢ **तम** का अर्थ है अंधकार, जिसका विलोम **आलोक** (प्रकाश) होता है।

**9. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **विग्रह =** युद्ध, कलह, आकृति, विच्छेद, छोह, वियोग आदि।

**10. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ दिए गए शब्दों का सही अर्थ इस प्रकार हैं–
➢ **अतल**: जिसका कोई तल न हो, अर्थात **तलहीन**।
➢ **अतुल**: जिसकी तुलना किसी से न की जा सके, अर्थात **जिसकी तुलना न हो सके**।

**11. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ दिए गए शब्दों में से प्रतिकुल, नीवृती और परीणिती अशुद्ध शब्द हैं।
शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं–
प्रतिकूल, निवृत्ति, परिणति

**12. [c]**

**व्याख्या:-**

**शुद्ध वाक्य-**

➢ मसूरी का दृश्य देखने योग्य है। = मसूरी देखने योग्य है।

**13. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ कर्तृवाच्य में **कर्ता की प्रधानता** होती है और क्रिया कर्ता के लिंग, वचन और काल के अनुसार होती है।
➢ "धनंजय" कर्ता है और "खाता है" क्रिया उसकी क्रिया को दर्शाती है, अतः यह कर्तृवाच्य है।

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ कर्मवाच्य (Passive voice) के उदाहरणों में कर्म (object) प्रधान होता है और क्रिया का लिंग और वचन कर्म के अनुसार होता है। इन वाक्यों में "जाता है" या "जाती है" का प्रयोग अक्सर देखा जाता है।
➢ केला खाया जाता है। - यहाँ क्रिया (खाया जाता है) कर्म 'केला' के अनुसार है, कर्ता अनुपस्थित है। यह एक सामान्य कर्मवाच्य वाक्य है।
➢ लड़की द्वारा पत्र पढ़ा गया। - यहाँ 'पत्र' (कर्म) पर जोर है और कर्ता 'लड़की' के बाद 'द्वारा' का प्रयोग हुआ है।
➢ रमेश द्वारा पुस्तक पढ़ी गई। - यहाँ 'पुस्तक' (कर्म) के अनुसार क्रिया 'पढ़ी गई' का प्रयोग हुआ है और कर्ता 'रमेश' के बाद 'द्वारा' लगा है।
➢ सुनीता आम खाती है। - यह कर्तृवाच्य का उदाहरण है क्योंकि क्रिया 'खाती है' कर्ता 'सुनीता' (स्त्रीलिंग, एकवचन) के लिंग और वचन के अनुसार है।
➢ श्याम से देखा नहीं जाता। - यह भाववाच्य का उदाहरण है क्योंकि यह असमर्थता या भाव की अभिव्यक्ति करता है और इसमें अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है।

**15. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ टहलना व छींकना ये दोनों अकर्मक क्रिया के उदाहरण हैं।
➢ खाना व तोड़ना ये दोनों सकर्मक क्रिया के उदाहरण हैं।

**16. [b]**

**व्याख्या:-**

स्तंभ A का स्तंभ B से सही मिलान इस प्रकार है–
➢ जिसने अपना ऋण पूरा चुका दिया हो - इसके लिए सही शब्द उऋण है, जिसका अर्थ है ऋण-मुक्त होना।
➢ स्वप्न में बड़बड़ाना - इसके लिए सही शब्द उचावा है, जिसका अर्थ है नींद में बोलना या बड़बड़ाना।
➢ भोजन करने के बाद बचा हुआ अन्न/जूठन - इसके लिए सही शब्द उच्छिष्ट है, जिसका अर्थ है बचा हुआ या जूठा भोजन।
➢ तिनकों से बना घर - इसके लिए सही शब्द उटज है, जिसका अर्थ है कुटीर या झोंपड़ी।

**17. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ (1) हतप्रभ हो जाना – आश्चर्य चकित होना।
(2) चार चाँद लगाना - शोभा की वृद्धि होना
(3) 'रंग में भंग होना' - आनंद में विघ्न पड़ना

**18. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ भेड़ जहाँ जाएगी, मुँडेगी' लोकोक्ति का अर्थ है- कमजोर को कोई नहीं बख्शता

**19. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ Cognizable offence – संज्ञेय अपराध
➢ Pardonable Offense – क्षमायोग्य अपराध
➢ Unpardonable Offense – अक्षम्य अपराध
➢ Heinous Crime – जघन्य अपराध

**20. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ सही मिलान इस प्रकार है-
खंड - Clause
संहिता - Code
अभियुक्त - Accused
अपीलकर्ता - Appellant

**21. [c]**

**Explanation:-**

➢ वाक्य में "for the last one hour" है → अवधि + अभी भी जारी।
➢ इसलिए Present Perfect Continuous: has been sleeping।
➢ बाकी विकल्प या तो past में सीमित हैं या duration नहीं दिखाते

**22. [b]**

**Explanation:-**

➢ यह Double Object वाला वाक्य है ("me" और "my name")। Passive में Indirect Object "me" को Subject बनाते हैं → I was asked my name। "By the interviewer" agent है।

**23. [d]**

**Explanation:-**

➢ Imperative + politeness → asked + to + verb। "Your" → "their" (students plural)।

**24.. [c]**

**Explanation:-**

➢ To change an affirmative sentence to negative, insert "not" after the auxiliary verb ("was" here). Placing "not" elsewhere distorts the meaning, as seen in the other options.

**25. [a]**

**Explanation:-**

➢ “The tiger” का प्रयोग सामान्य रूप से पूरी जाति (species) के लिए किया जाता है।
➢ “a fierce wild animal” → एक गिनने योग्य जीव के लिए ‘a’।

**26. [a]**

**Explanation:-**

➢ meet with an accident — किसी दुर्घटना का शिकार होना।
➢ occur to — मन में विचार आना।
➢ for a year — समय अवधि बताने के लिए।
➢ believe in — किसी बात पर विश्वास करना।

**27. [d]**

**Explanation:-**

➢ "उतार देता हूँ" = take off (निकलना); "प्रवेश करने से पहले" = before entering

**28. [b]**

**Explanation:-**

➢ “Untenable” का अर्थ है — जिसे बचाया या उचित ठहराया नहीं जा सकता, यानी असमर्थनीय / अस्वीकार्य तर्क।
➢ “Tenable” = समर्थनीय, टिकाऊ।
➢ “Acceptable” = स्वीकार्य।
➢ “Unacceptable” = अस्वीकार्य (लेकिन यह नैतिक या व्यवहारिक रूप से अस्वीकार्य होता है, जबकि “untenable” तार्किक या सिद्धांत के स्तर पर असमर्थनीय होता है)।

**29. [b]**

**Explanation:-**

➢ "Sociable" = मिलनसार; समानार्थी = Friendly (मित्रवत)।

**30. [c]**

**Explanation:-**

➢ "Worry or general unhappiness" = असंतोष/उदासी → Dysphoria।

**31. [b]**

**Explanation:-**

➢ 'Probably' (सम्भवत: ) के साथ 'though' ( यद्यपि ) का प्रयोग किया जाता है। While या and या 'or' का प्रयोग गलत है।

**32. [b]**

**Explanation:**

Irregular adjective "bad" के degrees हैं – Positive: bad, Comparative: worse, Superlative: worst। Superlative "worst" का positive मूल रूप "bad" होता है।

**33. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ महिलाओं : पुरुषों = 3 : 5.
➢ यदि महिलाएँ पुरुषों से 40 कम हैं
$\Rightarrow 5k - 3k = 2k = 40 \Rightarrow k = 20.$
कुल कर्मचारी $= 3k + 5k = 8k = 160.$
➢ अत: कुल 160 कर्मचारी, विकल्प (b) सही होगा।

**34. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ प्रश्न का मूल अनुपात स्पष्ट रूप से नहीं दिया था; पर विकल्प (b) प्राप्त होता है यदि प्रारम्भिक अनुपात $2:3:5$ हो।
बढ़ोतरी 10%,10%,20% होने पर नए अनुपात
$= 2 \times 1.1 : 3 \times 1.1 : 5 \times 1.2 = 2.2 : 3.3 : 6.$
गुणा कर 10 से $= 22 : 33 : 60.$
➢ अत: नए अनुपात $22:33:60$, सही विकल्प (b) होगा।

**35. [c]**

**व्याख्या:-**

$150 \times \frac{37}{100} - 1000 \times \frac{0.05}{100}$
= 55.5 - 0.5 = 55
➢ अत: परिणाम 55 है, सही विकल्प (c) होगा।

**36. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ कुल टॉफियाँ = 200
राम को दी = 5% $= \frac{5}{100} \times 200 = 10$

अमन को दी = 15% $= \frac{15}{100} \times 200 = 30$

गोपाल को दी = $\frac{1}{4} \times 200 = 50$

कुल दी गई टॉफियाँ = $10 + 30 + 50 = 90$

बची हुई टॉफियाँ = $200 - 90 = 110$

➢ अतः कमल के पास 110 टॉफियाँ बचेंगी, सही विकल्प (a) होगा।

**37. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ क्रय मूल्य = $230 \times \frac{100}{115} = 200$

यदि विक्रय = 210 ⇒ लाभ = 210 - 200 = 10

लाभ प्रतिशत = $\frac{10}{200} \times 100 = 5\%$

➢ अतः लाभ प्रतिशत 5%, सही विकल्प (a) होगा।

**38. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ SP = ₹69.60, हानि = 25%

$CP = SP \times \frac{100}{100 - \text{हानि\%}}$

$= 69.60 \times \frac{100}{75} = 69.60 \times \frac{4}{3} =$ ₹92.80

➢ अतः लागत मूल्य ₹92.80 है, इसलिए सही उत्तर विकल्प (b) है।

**39. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ कुर्सी का अंकित मूल्य = 2000 रुपये

➢ छूट क्रमशः 20% व 10% है

➢ ग्राहक द्वारा चुकाया गया मूल्य

$= 2000 \times \frac{80}{100} \times \frac{90}{100} = 1440$ रुपये

**40. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ माना वार्षिक भुगतान = x रुपये

ऋण (loan) = 580 रुपये, दर (rate) = 8%,

समय (T) = 5 वर्ष

$580 = 5x + \frac{8x}{100}(1 + 2 + 3 + 4)$

$580 = 5x + \frac{8x}{10}$

$580 = \frac{58x}{10}$

x = 100 रु.

➢ अतः वार्षिक भुगतान 100 रुपये है, विकल्प (a) सही होगा।

**41. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ मूलधन = 3000 रुपये,

समय (T) = 2 वर्ष, दर (rate) = 11%

साधारण ब्याज $SI = \frac{P \times R \times T}{100}$

$SI = \frac{3000 \times 11 \times 2}{100}$

SI = 660 रु.

मिश्रधन (A) = मूलधन + साधारण ब्याज

= 3000 + 660 = 3660 रुपये

➢ अतः धनराशि 3660 रुपये प्राप्त होगी, विकल्प (b) सही होगा।

**42. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ दिया गया है:

मूलधन (P) = 25000 रु., दर = 10%, समय (T) = 2 वर्ष

चक्रवृद्धि ब्याज (CI) की गणना के लिए सूत्र:

$A = P\left(1 + \frac{R}{100}\right)^T$

$= 25000\left(1 + \frac{10}{100}\right)^2$

$= 25000 \times \frac{11}{10} \times \frac{11}{10} = 30250$ रु.

चक्रवृद्धि ब्याज (CI) = मिश्रधन (A) - मूलधन (P)

= 30250 – 25000 = 5250 रु.

➢ अतः चक्रवृद्धि ब्याज (CI) 5250 रु. है, विकल्प (b) सही होगा।

**43. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ वर्ष-द्वितीय में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज = ₹15,729

➢ यदि मूलधन $P$ और दर 7%, तो दूसरे वर्ष का CI = राशि के प्रथम वर्ष के अंत पर × 7%

$= P(1 + 0.07) \times 0.07$

$= P \times 1.07 \times 0.07 = P \times 0.0749.$

तो $P \times 0.0749 = 15729$

$\Rightarrow P = \frac{15729}{0.0749} = 210000.$

➢ अतः राशि ₹2,10,000, सही विकल्प (c) होगा।

**44. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **धारणा (I)** निहित नहीं है क्योंकि कथन में XYZ उत्पाद की लोकप्रियता या अलोकप्रियता के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। कथन केवल राधिका के बहिष्कार करने की समझ की बात करता है।

➢ **धारणा (II)** भी निहित नहीं है क्योंकि कथन में यह नहीं कहा गया कि XYZ उत्पाद का बहिष्कार करना बुद्धिमानी की निशानी है। यह केवल राधिका की समझ को दर्शाता है, लेकिन बहिष्कार को बुद्धिमानी से जोड़ने का कोई स्पष्ट आधार नहीं है।

**45. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ कथन के अनुसार, तीन मंत्रियों को दो विकल्प दिए गए: इस्तीफा देना या अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना। दो मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया, इसलिए शेष एक मंत्री के लिए दो संभावनाएँ हैं:

➢ वह शाम तक इस्तीफा दे देगा (निष्कर्ष I)


➢ यदि वह इस्तीफा नहीं देता, तो मुख्यमंत्री उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करेंगे (निष्कर्ष II)

➢ कथन में यह स्पष्ट नहीं है कि शेष मंत्री क्या करेगा, लेकिन दोनों निष्कर्ष परस्पर अनन्य हैं, और कथन के आधार पर इनमें से एक निश्चित रूप से होगा।

➢ अतः या तो I या II अनुसरण करता है, इसलिए सही उत्तर विकल्प (c) है।

**46. [c]**


**व्याख्या:-**




➢ अतः आदमी अब उत्तर दिशा के सम्मुख (facing north) खड़ा है, इसलिए सही विकल्प (c) है।

**47. [c]**

**व्याख्या:-**




➢ अतः स्कूल, लड़की के उत्तर दिशा में है, इसलिए सही विकल्प (c) है।

**48. [c]**

**व्याख्या:-**

(a) इराक—एशिया (देश : महाद्वीप),
(b) केन्या—अफ्रीका (देश : महाद्वीप),
(c) काठमांडू—नेपाल (शहर : देश),
(d) स्पेन—यूरोप (देश : महाद्वीप).

➢ अतः तीन विकल्प देश : महाद्वीप का जोड़ा हैं, विकल्प (c) शहर : देश है।


**49. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ इंच, सेंटीमीटर, यार्ड = लंबाई की इकाइयां;
➢ आउन्स = भार/वजन की इकाई।
➢ अतः विकल्प (b) आउन्स दूसरों से अलग है।

**50. [a]**

**व्याख्या:-**




➢ इसलिए, BRIGADE का कूट IRBGEDA है।
अत: विकल्प (a) सही होगा।

**51. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ पैटर्न: अक्षरों की स्थिति का योग
जिस प्रकार, AMPLE: 1+13+16+12+5 = 47
SAMPLE: 19+1+13+16+12+5 = 66
उसी प्रकार, AMPLIFY:
1 + 13 + 16 + 12 + 9 + 6 + 25 = 82
➢ अतः AMPLIFY को 82 कोडित किया जाएगा, इसलिए सही उत्तर विकल्प (d) है।

**52. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ यदि परसों रविवार था तो आज = मंगलवार
➢ अब मंगलवार के बाद चौथा दिन गिनें— बुधवार (1), गुरुवार (2), शुक्रवार (3), शनिवार (4)।

**53. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **रणकपुर प्रशस्ति (1439 ई.)**
➢ यह प्रशस्ति रणकपुर (पाली) में मथाई नदी के किनारे स्थित ऋषभदेव/आदिनाथ नामक चौमुखा जैन मंदिर में लगी हुई है। इस प्रशस्ति की भाषा संस्कृत व लिपि नागरी है।
➢ **इसमें मेवाड़ के शासक बापा से कुंभा तक की वंशावली है।**
➢ रणकपुर प्रशस्ति में बापा रावल व काल भोज को अलग–अलग व्यक्ति बताया गया है।
➢ **यह प्रशस्ति कुंभा की विजयों तथा उपाधियों के बारे में जानकारी प्रदान करती है।**
➢ **इस प्रशस्ति में रणकरपुर जैन मंदिर के सूत्रधार (वास्तुकार) 'देपाक' का नाम मिलता है।**
➢ **कुंभलगढ़ प्रशस्ति (1460 ई.)**
➢ यह शिलालेख पाँच शिलाओं पर उत्कीर्ण था।
➢ वर्तमान में इसकी पहली, दूसरी (कुछ अंश प्राप्त), तीसरी व चौथी शिलाएँ ही सुरक्षित है।
➢ प्रसिद्ध इतिहासकार जी.एच. ओझा के अनुसार इस प्रशस्ति का रचयिता **महेश** था।
➢ इस शिलालेख में हम्मीर को विषमघाटी पंचानन (विकट युद्धों में शेर के समान) कहा गया है।
➢ **बीकानेर की प्रशस्ति / रायसिंह प्रशस्ति (1594 ई.)**
➢ यह प्रशस्ति **बीकानेर के जूनागढ़ किले में स्थित सूरजपोल दरवाजे के एक पार्श्व** में स्थित है।
➢ महाराजा रायसिंह के शासनकाल में जैन मुनि जइता/जैता द्वारा **संस्कृत** भाषा में रचित इस प्रशस्ति को जूनागढ़ प्रशस्ति के नाम से भी जाना जाता है।
➢ इसमें **राव बीका से लेकर रायसिंह** तक के बीकानेर के शासकों की उपलब्धियों का वर्णन है।

**54. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ यह सभ्यता **राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले** में प्राचीन **दृषद्वती और सरस्वती नदी घाटी** (वर्तमान घग्घर नदी क्षेत्र) में विकसित हुई थी।
➢ कालीबंगा एक नगरीय सभ्यता थी। यहां धूप में सुखाई गई कच्ची ईंटों से निर्मित घर व चबूतरे तथा अलंकृत ईंटों से निर्मित फर्श के अवशेष प्राप्त हुए हैं।
➢ विश्व में सर्वप्रथम कालीबंगा सभ्यता से जूते हुए खेत के साक्ष्य (दक्षिणी-पूर्वी दिशा) प्राप्त हुए हैं।
➢ यहां से एक साथ दो फसलें बौने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

**55. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ अजयराज ने 1113 ई. में अजमेर शहर की स्थापना कर इसे अपनी राजधानी बनाया।
➢ अर्णोराज ने अजमेर में आनासागर झील का निर्माण करवाया था।

**56. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ समर सिंह (1273 ई.–1302 ई.)
➢ रावल समर सिंह के दरबार में रत्नप्रभसूरी, पार्श्वचंद, देल्हण, पद्म सिंह, केल सिंह, वेद शर्मा, शिल्पी केयलान व शिल्पी कर्मा जैसे विद्वान वास्तुकार थे।

**57. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **सवाई जगतसिंह– II (1803–1818 ई.)**
➢ 15 अप्रैल, 1818 ई. में जगतसिंह ने **ईस्ट इंडिया कम्पनी से सहायक संधि** की।
➢ जगतसिंह की प्रेमिका **'रसकपूर'** शासनकार्यों में हस्तक्षेप करती थी। अत: इसे नाहरगढ दुर्ग में नजरबंद कर दिया।
➢ **गिंगौली का युद्ध, परबतसर (डीडवाना-कूचामन)** 13 मार्च, 1807 ई. में मेवाड़ की राजकुमारी कृष्णा कुमारी से विवाह के लिए जयपुर के जगतसिंह व जोधपुर के महाराजा मानसिंह के मध्य लड़ा गया।
➢ अमीर खाँ पिण्डारी की सहायता से जगतसिंह–II विजय रहा।
➢ **सवाई जयसिंह तृतीय (1818–1835 ई.)**
➢ यह जगत सिंह द्वितीय का पुत्र तथा सवाई रामसिंह द्वितीय का पिता था।
➢ **सवाई रामसिंह–द्वितीय (1835–1880 ई.)**
➢ **सवाई माधोसिंह–द्वितीय (1880–1922)**
➢ इसे बब्बर शेर के नाम से भी जाना जाता है।
➢ सवाई माधोसिंह द्वितीय के शासनकाल में राजस्थान में सर्वप्रथम 1904 ई. में डाक टिकिट और पोस्टकार्ड की शुरूआत जयपुर में हुई।
➢ इसने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए मदनमोहन मालवीय को पॉच लाख रूपये का अनुदान दिया।
➢ इसने चंद्रमहल (सिटी पैलेस) में प्रसिद्ध मुबारक महल (वेलकम पैलेस) का निर्माण करवाया जो मुगल-राजपूत व यूरोपीय स्थापत्य कला का नमूना है।
➢ यह **ब्रिटिश सम्राट एडवर्ड सप्तम** के राज्याभिषेक के अवसर पर चॉदी के दो बड़े कलशों में गंगाजल लेकर लंदन गया था।

**58. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ भील विद्रोह के दमन के लिए अंग्रेजों ने 1841 ई. में महाराणा सरदार सिंह (मेवाड़) के शासनकाल में मेवाड़ भील कोर का गठन किया।
➢ मेवाड़ भील कोर का मुख्यालय खैरवाड़ा (उदयपुर) में स्थित है।

**59. [c]**

**व्याख्या:-**

| राजस्थान के प्रमुख हत्याकाण्ड | | |
|---|---|---|
| **हत्याकाण्ड** | **वर्ष** | **संबंधित रियासत** |
| मानगढ | 17 नवम्बर 1913 ई. | बाँसवाडा |
| नीमूचणा | 14 मई 1925 ई. | अलवर |
| चण्डावल | 28 मार्च 1942 ई. | मारवाड़ (पाली) |
| डाबडा | 13 मार्च 1947 ई. | मारवाड़ (डीडवाना) |
| डाबी | 02 अप्रैल 1923 ई. | बूँदी |
| गोविंदपुरा | 23 जुलाई 1923 ई. | मेवाड़ (बेगूं) |
| जयसिंहपुरा | 21 जून 1934 ई. | शेखावाटी (झुँझुनूं) |
| कूदन | 25 अप्रैल 1935 ई. | शेखावाटी (सीकर) |
| कांगड | 1946 ईस्वी | बीकानेर (चुरू) |
| खुड़ी | मार्च 1935 ई. | शेखावाटी (सीकर) |
| रास्तापाल | 19 जून 1947 ई. | डूंगरपुर |
| तसीमो | 11 अप्रैल 1947 ई. | धौलपुर |
| रायसिंहनगर | 01 जुलाई 1946 ई. | बीकानेर (श्रीगंगानगर) |

**60. [a]**

**व्याख्या:-**

| **संगठन** | **स्थापना वर्ष** | **संस्थापक** |
|---|---|---|
| मरूधर / मारवाड़ हितकारिणी सभा | 1918 ई. | चाँदमल सुराणा (जयनारायण व्यास द्वारा 1923 ई. में पुनर्गठन) |
| मारवाड़ यूथ लीग | 1931 ई. | जयनारायण व्यास |
| मारवाड़ प्रजामण्डल | 1934 ई. | जयनारायण व्यास व भंवरलाल सर्राफ |
| मारवाड़ लोक परिषद् | 1938 ई. | जयनारायण व्यास व रणछोड़दास गट्टानी |

**61. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ विकल्प (c) (i), (iv), (iii), (ii) इसका सही उत्तर है।
➢ जिलों की उत्तर से दक्षिण की स्थिति:
➢ **श्रीगंगानगर** – सबसे उत्तर में
➢ **बीकानेर** – दक्षिण की ओर श्रीगंगानगर से नीचे
➢ **जोधपुर** – बीकानेर के दक्षिण-पश्चिम में
➢ **जालौर** – राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम में

**62. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **खो/खोह** जयपुर, 920 मीटर
➢ **रघुनाथगढ़:** सीकर, 1,055 मीटर
➢ **तारागढ़:** अजमेर, 885 मीटर
➢ **गुरु शिखर:** सिरोही, ~1,722 मीटर (लेकिन विकल्प में 1,727 मीटर)

**63. [b]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक-**

➢ **भौगोलिक अवस्थिति:** उत्तरी-पश्चिमी भारत में स्थिति, कर्क रेखा के निकट।
➢ **समुद्र से दूरी:** समुद्र से दूर होने के कारण शुष्क जलवायु।
➢ **उच्चावच लक्षण:** अरावली पर्वतमाला मानसून को प्रभावित करती है।
➢ **वायुमण्डलीय संचरण:** पश्चिमी विक्षोभ, मानसून और स्थानीय हवाएँ जलवायु को प्रभावित करती हैं।

**64. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **लाल पीली मृदा:** लौह अंश (II) की मौजूदगी के कारण लाल-पीला रंग, सिरोही, उदयपुर में।
➢ **मरुस्थली मृदा:** जल धारण एवं शोषण क्षमता कम (III), रेतीली, जैसलमेर में।
➢ **काली मृदा: चीका** प्रधान (IV), कोटा, बूंदी में।
➢ **जलोढ़ मृदा:** रेतीली दोमट संरचना (I), उपजाऊ, भरतपुर में।

**65. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ कथन 1 सही है। लूनी नदी का अधिकांश अपवाह क्षेत्र राजस्थान में है। लूनी नदी की कुल लम्बाई 495 कि.मी. है, जबकि राजस्थान में यह 330 कि.मी. लम्बी है।
➢ कथन 2 सही है। खारी नदी बनास की सहायक नदी है। यह राजसमंद से निकलती है।
➢ कथन 3 सही है। बनास नदी खमनौर पहाड़ियों (कुम्भलगढ़) से

**66. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **बीसलपुर बाँध –** बनास नदी पर टोंक जिले के टोडारायसिंह क्षेत्र में स्थित है।
➢ **अरवार बाँध –** खारी नदी पर भीलवाड़ा जिले में स्थित है।
➢ **जवाहर सागर बाँध –** चंबल नदी पर कोटा के बोरावास गांव में स्थित है।
➢ **मेज़ा बाँध –** कोठारी नदी पर भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ़ में स्थित है।

**67. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ शुष्क वन: जैसलमेर (काकनी नदी क्षेत्र में खेजड़ी सहित)।
➢ सदाबहार वन: माउंट आबू (उपोष्ण कटिबंधीय, उच्च वर्षा)।
➢ मिश्रित पतझड़ वन: अलवर (अरावली क्षेत्र)।
➢ शुष्क सागवान वन: बाँसवाड़ा (नम जलवायु)।

**68. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ भेड़: नाली; गौवंश: सांचोरी; भैंस: सूरती; बकरी: बरबरी।
अतः विकल्प (c) इसका सही उत्तर है।
➢ **राजस्थान की प्रमुख भेड़ की नस्लें -**
➢ मगरा भेड़, मारवाड़ी भेड़, चोकला भेड़, सोनारी भेड़, जैसलमेरी भेड़, खेरी भेड़, बागड़ी भेड़, मालपुरा भेड़, पूगल भेड़, नाली भेड़ आदि।
➢ **राजस्थान में गाय की प्रमुख नस्लें -**
➢ गिर, थारपारकर, कांकरेज, राठी, मालवी, मेवाती, नागौरी आदि।

**69. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **आमेर किला, जयपुर -** इस दुर्ग में शीशमहल, शिला माता मंदिर, दीवाने आम, दीवाने खास, दिलखुश महल, **24** रानियों का महल, बुखारा गार्डन, **दिलाराम का बाग**, सुहाग मंदिर, यश महल आदि दर्शनीय स्थल हैं।
➢ **तारागढ़, अजमेर -** इस दुर्ग के भीतर प्रसिद्ध मुस्लिम **संत मीरान साहब की दरगाह** है। यह दरगाह तारागढ़ के प्रथम गवर्नर मीर हुसैन खिंगसवार की है।
➢ **गागरोण, झालावाड़ -** इस दुर्ग में खुरासान से गागरोण आये सूफी संत '**मिट्ठे साहब की दरगाह**' तथा औरंगजेब द्वारा निर्मित **बुलन्द दरवाजा** भी स्थित है।
➢ **मेहरानगढ़, जोधपुर - चामुण्डा माता का मंदिर-** मेहरानगढ़ दुर्ग में राठौड़ राजवंश की आराध्य देवी **चामुण्डा माता का मंदिर** है, जिसका निर्माण **राव जोधा** द्वारा करवाया गया।

**70. [d]**

**व्याख्या:-**

- उपनाम – **बावनगढ़ का लाडला**
- बाला किला अलवर जिले में स्थित हैं। इस दुर्ग को कुंवारा दुर्ग ,अलवर दुर्ग भी बोला जाता है।
- किले की प्राचीर लगभग 9 किमी. की परिधि में है जिसमें 15 बड़ी बुर्जे तथा 52 छोटी बुर्जे बनी हुई हैं।
- किले की दूसरी रक्षापंक्ति के रूप में आठ बुर्जे हैं, जिनमें काबुल, खुर्द और नौगुजा बुर्ज प्रमुख हैं।
- किले के भीतर निकुंभ शासकों द्वारा निर्मित महल परंपरागत हिन्दू स्थापत्य के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।
- सलीम सागर तालाब तथा सूरजकुण्ड किले के प्रमुख जलस्रोत हैं।

**71. [b]**

**व्याख्या:-**

- **84 खंभों की छतरी**
- बूँदी में देवपुरा नामक स्थान पर इस छतरी का निर्माण राव राजा अनिरुद्ध सिंह ने **धाबाई देवा गुर्जर** की स्मृति में करवाया।
- **मामा-भांजे की छतरी**
- यह **10 खंभों की छतरी** है।
- यह **मेहरानगढ़ दुर्ग** में स्थित है।
- यह छतरी धन्ना गहलोत तथा भीयां चौहान की है, जो आपस में मामा-भांजे थे।
- **ब्राह्मण देवताओं की छतरी**
- मंडोर में पंचकुण्ड के निकट **लाल बुलई पत्थर** की छतरी।
- मेहरानगढ़ दुर्ग के तांत्रिक अनुष्ठान में जिस ब्राह्मण ने आत्म बलिदान दिया, यह छतरी उसे समर्पित है।
- **कुंवर पृथ्वीराज की छतरी**
- पृथ्वीराज सिसोदिया की 12 खंभों की छतरी भी कुंभलगढ़ किले में स्थित है।

**72. [b]**

**व्याख्या:-**

- **सिंहथल शाखा (बीकानेर) -** संस्थापक संत हरिराम दास जी
- **रैण शाखा रैण (नागौर) -** संस्थापक संत दरियाव जी।
- **खेड़ापा शाखा (जोधपुर) -** संस्थापक संत रामदास जी।
- **शाहपुरा शाखा -** संस्थापक संत रामचरण जी ।

**73. [a]**

**व्याख्या:-**

- **वल्लभ सम्प्रदाय** का सर्वाधिक प्रभाव होने के कारण कृष्ण-लीलाओं का अधिक चित्रण हुआ।
- **किशनगढ़ चित्रकला की विशेषताएँ -** महिला सौंदर्य का चित्रण, गुलाबी तथा सफेद रंग का प्रयोग, हाशिये में हल्के गुलाबी रंग का प्रयोग, केले के पेड़, हंस, सरोवर तथा वेसरि (नाक का आभूषण) का चित्रण। कमल से भरे हुए सरोवर
- **प्रमुख चित्रकार -** मोरध्वज निहालचन्द, अमीरचन्द, सूरध्वज, लाडलीदास, सीताराम, सवाईराम, रामनाथ, बदन सिंह भवानीदास एवं कल्याणदास

**74. [b]**

**व्याख्या:-**

**बेवाण**

- बेवाण लकड़ी का एक छोटा मंदिर होता है, जिसे **मिनिएचर वुड टेम्पल** कहा जाता है।
- यह लकड़ी से बना एक सिंहासन होता है, जिसे ठाकुरजी की मूर्ति के लिए एक लघु मंदिर के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।
- **अनंत चतुर्दशी और देवझूलनी एकादशी** को बेवाण निकालने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

**75. [d]**

**व्याख्या:-**

- अंगोटिया कान में पहना जाता है।
- मांदल्या गले में पहना जाता है।
- दामणा अंगुलियाँ में पहना जाता है।
- कन्दोरा कमर पर पहना जाता है।

**76. [c]**

**व्याख्या:-**

- आत्म-जागरूकता से नेता अपनी क्षमताओं, कमजोरियों, भावनाओं और व्यवहार को समझता है। यह समझ उसे संतुलित निर्णय लेने, आत्म-सुधार करने तथा दूसरों के साथ प्रभावी संबंध स्थापित करने में सहायता करती है।

**77. [b]**

**व्याख्या:-**

- भावनात्मक संतुलन से नेता परिस्थितियों में संयम बनाए रखता है। इससे उसके निर्णय न्यायपूर्ण होते हैं और अनुयायी उसे विश्वासयोग्य तथा स्वीकार्य नेता के रूप में देखते हैं।

**78. [c]**

**व्याख्या:-**

- सुदृढ़ संचार तंत्र संगठन के सभी स्तरों को जोड़ता है। यह समन्वय, विश्वास और सहयोग को बढ़ाता है, जिससे नेतृत्व निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होता है।

**79. [c]**

**व्याख्या:-**

- समूह निर्णय तभी प्रभावी होते हैं जब सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर मिले। सहभागिता से निर्णय की स्वीकार्यता और क्रियान्वयन क्षमता बढ़ती है।

**80. [c]**

**व्याख्या:-**

- टीम वर्क से व्यक्ति दूसरों के साथ मिलकर कार्य करना सीखता है। इससे सहयोग, उत्तरदायित्व और सामूहिक निर्णय जैसे नेतृत्व गुण विकसित होते हैं।

**81. [c]**

**व्याख्या:-**

- सम्प्रेषण केवल सूचना या संदेश भेजना नहीं है, बल्कि प्रेषक और ग्राही के बीच अर्थ की साझी समझ विकसित करना है। जब तक संदेश का अर्थ समान रूप से न समझा जाए, सम्प्रेषण पूर्ण नहीं माना जाता।

**82. [c]**

**व्याख्या:-**

- प्रत्येक सम्प्रेषण किसी न किसी उद्देश्य–सूचना देना, प्रेरित करना या निर्णय लेना–को ध्यान में रखकर किया जाता है।

**83. [c]**

**व्याख्या:-**

- पत्र लिखित सम्प्रेषण का माध्यम है। शेष सभी अमौखिक सम्प्रेषण के उदाहरण हैं।

**84. [c]**

**व्याख्या:-**

- समय प्रबंधन का अर्थ समय को योजनाबद्ध, प्राथमिकता-आधारित और उद्देश्यपूर्ण ढंग से उपयोग करना है। इसका लक्ष्य अधिक कार्य नहीं, बल्कि सही कार्य को सही समय पर प्रभावी ढंग से करना है।

**85. [b]**

**व्याख्या:-**

- स्पष्ट लक्ष्य समय और ऊर्जा को सही दिशा में लगाने में सहायता करते हैं। बिना लक्ष्य समय का उपयोग बिखरावपूर्ण हो जाता है।

86. [c]
व्याख्या:-
➢ टालमटोल समय प्रबंधन की सबसे गंभीर बाधा है, जिससे कार्य समय पर नहीं हो पाते और तनाव बढ़ता है।

87. [c]
व्याख्या:-
➢ समुदाय केवल व्यक्तियों का समूह नहीं, बल्कि समान भौगोलिक क्षेत्र, साझा हितों, 'हम-भावना' और पारस्परिक सामाजिक संबंधों से जुड़ा हुआ समूह होता है, जो सामूहिक पहचान निर्मित करता है।

88. [b]
व्याख्या:-
➢ इस सिद्धांत के अनुसार समुदाय के सभी वर्गों को निर्णय-निर्माण और क्रियान्वयन में समान अवसर मिलना चाहिए।

89. [c]
व्याख्या:-
➢ इस दृष्टिकोण में योजनाएँ समुदाय की आवश्यकताओं और सुझावों से बनती हैं।

90. [b]
व्याख्या:-
➢ स्वयंसेवक समुदाय और संस्थाओं के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

91. [a]
व्याख्या
➢ 1. ऊर्जावान आहार (Energy-providing diet)
भोजन का पहला कदम शरीर को आवश्यक ऊर्जा देना है।
उदाहरण: अनाज, दाल, फल, दूध।
➢ 2. भोजन का समय (Meal timing)
सही समय पर भोजन करना पाचन और शरीर की जैविक घड़ी के लिए महत्वपूर्ण है।
उदाहरण: सुबह नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का खाना।
➢ 3. तरल और फाइबर (Fluid & fiber control)
पानी और फाइबर पाचन और पोषण को बेहतर बनाते हैं।
फाइबर: 20–30 ग्राम/दिन; पानी: लगभग 8 गिलास।
➢ 4. भोजन की मृदुता (Soft diet)
पचाने में आसान भोजन, हल्का और कम मसाले वाला।
यह पाचन क्रिया को आराम देता है।
➢ 5. मनोवैज्ञानिक पहलू (Psychological aspect)
भोजन की पसंद, लालसा और खाने की आदतों का ध्यान।

92. [c]
व्याख्या
1. BMI क्या है?
➢ BMI यानी Body Mass Index (शरीर द्रव्यमान सूचकांक), किसी व्यक्ति के वजन और ऊँचाई के आधार पर शरीर में वसा का अनुमान लगाने का तरीका है।
➢ बढ़ा हुआ BMI आमतौर पर प्रकार II डायबिटीज मेलिटस, उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया जैसे उपापचय रोगों के बढ़ते जोखिम से संबंधित होता है। BMI का व्यापक रूप से उपयोग यह जानने के लिए किया जाता है कि किसी व्यक्ति का स्वस्थ वज़न ऊंचाई के बराबर है या नहीं।
➢ BMI श्रेणियां: कम वज़न <18.5, सामान्य वज़न: 18.5 24.9, अधिक वज़न: 25 - 29.9, मोटापा> 30,

93. [d]
व्याख्या :
➢ संतुलित आहार वह होता है जिसमें जल, रफेज और सभी आवश्यक पोषक तत्व (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज) उचित मात्रा में मौजूद हों।
➢ यह शरीर के विकास, स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए जरूरी है।
➢ संतुलित आहार के लिए महंगे खाद्य पदार्थ की आवश्यकता नहीं होती।
**उदाहरण:** दालें, मूंगफली, सोयाबीन, अंकुरित अनाज, इडली, रोटी, केला, पालक आदि।
➢ बच्चों, किशोरों, वयस्कों और वृद्धों की पोषण संबंधी ज़रूरतें अलग होती हैं।
**उदाहरण:** बढ़ते बच्चों और किशोरों को प्रोटीन और कैलोरी अधिक चाहिए।
➢ अधिक शारीरिक श्रम करने वाले व्यक्ति को ऊर्जा की अधिक आवश्यकता होती है।
➢ इसका मतलब है कि आहार में कार्बोहाइड्रेट और कैलोरी की मात्रा बढ़ाई जानी चाहिए।

94. [c]
व्याख्या:-
➢ वसा (Fat) शरीर के लिए ऊर्जा का स्रोत है और यह **ट्राइग्लिसराइड** (Triglyceride) नामक तीन अणुओं से बनी होती है।
➢ वसा के दो मुख्य प्रकार होते हैं: **संतृप्त वसा (Saturated fat)** और **असंतृप्त वसा (Unsaturated fat)**।
**1. संतृप्त वसा (Saturated fat)**
➢ यह वह वसा है जिसमें फैटी एसिड पूरी तरह **हाइड्रोजनीकृत** (Hydrogen-saturated) होते हैं।
कमरे के तापमान पर यह आमतौर पर **ठोस** होती है।
**प्रमुख स्रोत:**
➢ दूध और डेयरी उत्पाद: दूध, क्रीम, मक्खन, पनीर, आइसक्रीम
पशु उत्पाद: लाल मीट, चिकन की त्वचा
➢ कुछ वनस्पति तेल: नारियल का तेल, ताड़ का तेल
**असंतृप्त वसा (Unsaturated fat)**
➢ यह आमतौर पर **तरल** होती है और हृदय स्वास्थ्य के लिए बेहतर मानी जाती है।
➢ स्रोत: जैतून का तेल, सूरजमुखी का तेल, तिल का तेल, अखरोट

95. [a]
व्याख्या:-
**अभिकथन (A) का अर्थ:**
➢ मोटापा तब होता है जब हम **अत्यधिक मात्रा में वसा युक्त भोजन** खाते हैं।
➢ इस वसा का कुछ हिस्सा **शरीर में जमा** हो जाता है और वजन बढ़ने लगता है।
**तर्क (R) का अर्थ:**
➢ अगर व्यक्ति शारीरिक गतिविधि नहीं करता है, तो शरीर में जमा वसा का **उपयोग ऊर्जा के रूप में नहीं होता**।
➢ यह वसा शरीर में जमा रहती है और मोटापे की समस्या बढ़ती है।

96. [d]
व्याख्या:-
➢ **पानी में घुलनशील विटामिन -** ये विटामिन पानी में घुल जाते हैं तथा रक्त प्रवाह में आसानी से अवशोषित हो जाते हैं। ये शरीर में अधिक मात्रा में संचित नहीं होते, इसलिए इन्हें नियमित रूप से आहार के माध्यम से प्राप्त करना आवश्यक होता है। इसके प्रमुख उदाहरण हैं— विटामिन C तथा बी-समूह के विटामिन ($B_1$, $B_2$, $B_3$, $B_5$, $B_6$, $B_7$, $B_9$ और $B_{12}$)।
➢ **वसा में घुलनशील विटामिन -** ये विटामिन वसा में घुलते हैं और इनके अवशोषण के लिए आहार में वसा की उपस्थिति आवश्यक होती है। ये शरीर के वसा ऊतकों में संग्रहित हो सकते हैं। इसके उदाहरण हैं— विटामिन A, D, E और K।
➢ टोकोफेरॉल (विटामिन E) तथा रेटिनॉल (विटामिन A) दोनों ही वसा में घुलनशील विटामिन हैं।

**97. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ एंटीथ्रोम्बिन-III तथा प्रोटीन C दोनों प्राकृतिक एंटीकोएगुलेंट्स हैं, अर्थात् ये रक्त के थक्के बनने की प्रक्रिया को रोकने या धीमा करने का कार्य करते हैं। ये विभिन्न थक्के कारकों को निष्क्रिय करके कार्य करते हैं, विशेष रूप से थ्रोम्बिन को, जो फाइब्रिनोजेन को फाइब्रिन में परिवर्तित करता है। फाइब्रिन ही रक्त के थक्के का मुख्य घटक होता है।

➢ हेपारिन एक प्रमुख थक्कारोधी औषधि है, जो एंटीथ्रोम्बिन-III की क्रिया को बढ़ाकर कार्य करती है। हेपारिन एंटीथ्रोम्बिन-III से जुड़कर थ्रोम्बिन तथा अन्य थक्के बनाने वाले कारकों को निष्क्रिय करने की उसकी क्षमता को बढ़ा देता है।

**98. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ खसरा, जिसे रूबेला भी कहा जाता है, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है, जो मुख्यतः बच्चों को प्रभावित करता है, हालांकि यह वयस्कों में भी हो सकता है। यह खसरा वायरस के कारण होता है।

➢ खसरा का एक प्रमुख लक्षण **तेज़ बुखार** है, जो सामान्यतः वायरस के संपर्क में आने के 10–12 दिनों के भीतर विकसित होता है और कई दिनों तक बना रह सकता है। इसलिए **सामान्य शरीर का तापमान खसरा का लक्षण नहीं है**, क्योंकि इस रोग में शरीर का तापमान बढ़ा हुआ पाया जाता है।

➢ खसरा के अन्य प्रमुख लक्षणों में खाँसी, कोरिज़ा (नाक बहना), नेत्रश्लेष्मलाशोथ (आँखों में लालिमा एवं पानी आना) तथा त्वचा पर चकत्ते निकलने से पहले मुँह के अंदर **कोप्लिक स्पॉट** (छोटे सफेद धब्बे) की उपस्थिति शामिल है।

**99. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ ग्रामीणों के लिए आवास योजना यह प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY-G) जैसी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराना है, और यह सीधे ICDS के तहत पोषण या बाल विकास से संबंधित नहीं है।

**100. [b]**

**व्याख्या:-**

**अभिकथन (A):** सही है।

➢ टीके प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करके कई संक्रामक रोगों से बचाव करते हैं।

**कारण (R):** सही है।

➢ बच्चों को जीवन के प्रारंभिक दौर में गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण महत्वपूर्ण है।

**विश्लेषण:**

➢ हालांकि दोनों कथन सही हैं, लेकिन **R अभिकथन का सही कारण नहीं है**।

➢ अभिकथन (A) व्यापक रूप से सभी आयु वर्गों में रोगों को रोकने की क्षमता बताता है, जबकि कारण (R) केवल बच्चों तक सीमित है।

➢ इसलिए, R अभिकथन का पूर्ण कारण नहीं बनता।

विकल्प **(2) A सही है, R सही है, लेकिन R, A का कारण नहीं है।**

**101. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ शरीर को काम करने, सोचने और दैनिक गतिविधियां करने के लिए **ऊर्जा की आवश्यकता** होती है। यह ऊर्जा मुख्यतः **मैक्रोन्यूट्रिएंट्स** से प्राप्त होती है।

**ऊर्जा देने वाले पोषक तत्व:**

**कार्बोहाइड्रेट**

शरीर का मुख्य ऊर्जा स्रोत।

पाचन के बाद ग्लूकोज में टूटता है, जो कोशिकाओं को तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है।

मस्तिष्क और मांसपेशियों के लिए प्राथमिक ईंधन।

**वसा (Fat)**

शरीर का **दीर्घकालिक ऊर्जा स्रोत**।

➢ अधिक ऊर्जा प्रदान करता है (1 ग्राम वसा = 9 कैलोरी, जबकि 1 ग्राम कार्बोहाइड्रेट = 4 कैलोरी)।

➢ शरीर में जमा होकर आवश्यकता के समय ऊर्जा उपलब्ध कराता है।

**102. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ शैशवावस्था जन्म के बाद लगभग **दो वर्ष तक** की अवस्था होती है। जन्म के पहले 30 दिन को नवजात शिशु कहा जाता है, उसके बाद शिशु के शैशवावस्था में प्रवेश मानी जाती है। यह जीवन का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है क्योंकि इस समय शारीरिक और मानसिक वृद्धि सबसे तेज होती है।

**103. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ शिशु का **जन्म भार पहले 6 महीनों में लगभग दुगुना** हो जाता है। यह वृद्धि तेज होती है क्योंकि इस समय मांसपेशियाँ, हड्डियाँ और ऊतक तेजी से विकसित होते हैं। वृद्धि की गति मुख्य रूप से माँ के पोषण स्तर और स्तनपान की नियमितता पर निर्भर करती है। 6 महीने के बाद यह वृद्धि धीरे-धीरे कम होती है।

**104. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ एक स्वस्थ एवं सुपोषित वयस्क व्यक्ति की ऊर्जा आवश्यकता वास्तव में उसके **कुल ऊर्जा व्यय (Total Energy Expenditure – TEE)** के बराबर होती है। कुल ऊर्जा व्यय वह ऊर्जा है जो शरीर की विभिन्न शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक होती है।

**105. [a]**

**व्याख्या:-**

**स्पष्टीकरण:**

➢ मांस, घी और तेल वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ हैं और वयस्कों के आहार में वसा की आवश्यकता को पूरा करने में सहायक होते हैं।

➢ जबकि चावल और दाल मुख्यतः कार्बोहाइड्रेट व प्रोटीन के स्रोत हैं, और सब्जियाँ तथा फल विटामिन, खनिज व रेशा प्रदान करते हैं, वसा नहीं।

**106. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ ऊतक शिथिल होने और शारीरिक क्रियाशीलता कम होने के कारण चयापचय दर कम हो जाती है।

**107. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ जन्म से 28 दिन तक नवजात काल कहलाता है। नवजात (Newborn) की अवधि जीवन के पहले 28 दिन (पहले 4 सप्ताह) तक होती है, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और कई स्वास्थ्य संगठनों द्वारा परिभाषित मानक है।

**108. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **बी.सी.जी. (BCG) वैक्सीन** मुख्य रूप से **तपेदिक (Tuberculosis – TB)** से बचाव के लिए प्रयोग किया जाने वाला टीका है। BCG टीका TB से सुरक्षा देता है।

**109. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ गर्भावस्था के दौरान **वजन की नियमित निगरानी** माँ और भ्रूण दोनों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक होती है। गर्भावस्था में वजन का बढ़ना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन इसका **बहुत कम या बहुत अधिक होना** किसी समस्या का संकेत हो सकता है।

➢ नियमित वजन जाँच से यह पता लगाया जाता है कि गर्भवती महिला को **पर्याप्त पोषण** मिल रहा है या नहीं। वजन की निगरानी से **भ्रूण की वृद्धि और विकास** का अप्रत्यक्ष आकलन किया जाता है, क्योंकि माँ का वजन बढ़ना भ्रूण, प्लेसेंटा और एम्नियोटिक द्रव की वृद्धि से जुड़ा होता है। यह प्रसवपूर्व देखभाल (ANC) का एक महत्वपूर्ण भाग है और संभावित जोखिमों को समय रहते पहचानने में मदद करता है।

**110. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ टीकाकरण का उद्देश्य बीमारी हो जाने के बाद उसका इलाज करना नहीं है**,** बल्कि बीमारी होने से पहले शरीर को सुरक्षित करना है। टीका शरीर को रोगाणुओं (बैक्टीरिया/वायरस) के विरुद्ध तैयार करता है ताकि भविष्य में संक्रमण न हो।

**111. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ टीका शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (**Immune System**) को सक्रिय करता है। यह प्रणाली श्वेत रक्त कण (**WBC),** एंटीबॉडी आदि बनाकर रोगाणुओं को पहचानती और नष्ट करती है।

**112. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ टीकाकरण से शरीर में एंटीबॉडी और मेमोरी सेल्स बनते हैं**,** जो लंबे समय तक रोग से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

**113. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ संक्रमण बैक्टीरिया**,** वायरस आदि से होता है। टीकाकरण शरीर को इन रोगाणुओं के विरुद्ध लड़ने की शक्ति देता है।

**114. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM)** की शुरुआत 12 अप्रैल, 2005 को प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आबादी, विशेष रूप से कमजोर वर्गों जैसे महिलाएं और बच्चे, को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना था।

➢ इस मिशन के तहत मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHC) के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

➢ बाद में, NRHM को **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM)** के अंतर्गत शामिल किया गया, जिसमें ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य योजनाओं को एकीकृत रूप से संचालित किया जाता है। इस प्रकार, NRHM/NHM का लक्ष्य ग्रामीण नागरिकों तक आधारभूत स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना और उनके जीवन स्तर में सुधार करना है।

**115. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ NRHM और NUHM दोनों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के उप-मिशन हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, गुणवत्ता और सुलभता को बेहतर बनाना था। बाद में, शहरी क्षेत्रों के लिए **राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM)** को भी NHM में शामिल किया गया, जिससे NHM एक व्यापक और समग्र स्वास्थ्य मिशन बन गया। इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मातृ, शिशु और बाल स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार सुनिश्चित किया जाता है।

**116. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM)** के अंतर्गत दो मुख्य उप-मिशन शामिल हैं**: राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM)** और **राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM)**।

➢ ये दोनों उप-मिशन मिलकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सभी नागरिकों तक **सस्ती, गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेह स्वास्थ्य सेवाएं** पहुँचाने का लक्ष्य रखते हैं।

**117. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM)** का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आबादी, विशेषकर कमजोर वर्गों को **समान, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं** प्रदान करना है। NRHM ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ, शिशु और बाल स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वास्थ्य अवसंरचना के मजबूत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**118. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ कुपोषण का सबसे अधिक प्रभाव **बच्चों** पर पड़ता है क्योंकि उनके शारीरिक और मानसिक विकास की अवस्था में पर्याप्त पोषण अत्यंत आवश्यक होता है। कुपोषण से बच्चों में **नाटापन, निर्बलता, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी** तथा यहाँ तक कि मृत्यु का खतरा भी बढ़ जाता है।

**119. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ कुपोषण से शरीर में **आयरन और अन्य पोषक तत्वों की कमी** हो जाती है, जिससे **रक्ताल्पता (Anemia)** जैसी बीमारियाँ होती हैं। विशेषकर बच्चों और महिलाओं में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। रक्ताल्पता से थकान, कमजोरी और शारीरिक विकास में बाधा आती है।

➢ **मधुमेह** → यह मुख्य रूप से उच्च शर्करा और जीवनशैली से जुड़ा रोग है।

➢ **उच्च रक्तचाप** → यह अधिक नमक और जीवनशैली से संबंधित है।

➢ **कैंसर** → कुपोषण प्रत्यक्ष कारण नहीं है।

**120. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ राष्ट्रीय पोषण नीति 1993 में लागू हुई। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण नीति (NNP) अपनाई गई, जिसमें कुपोषण से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति बनाई गई।

**121. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ बच्चों में होने वाला अधिकतर दस्त वायरल संक्रमण के कारण होता है, विशेषकर रोटावायरस से।

➢ यह वायरस दूषित पानी, भोजन, गंदे हाथ, खिलौनों आदि के संपर्क से फैलता है।

- बैक्टीरिया और कृमि भी दस्त कर सकते हैं, लेकिन बच्चों में वायरस सबसे सामान्य कारण है।
- इसी कारण रोटावायरस वैक्सीन राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल की गई है।

**122. [c]**

**व्याख्या:-**

- दस्त और उल्टी में शरीर से पानी और लवण (सोडियम, पोटैशियम) निकल जाते हैं।

**ORS का कार्य है:**

शरीर में पानी की कमी पूरी करना

इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखना

**123. [b]**

**व्याख्या:-**

- गंभीर निर्जलीकरण में शरीर का पानी बहुत कम हो जाता है। इसके लक्षण हैं- धंसी हुई आँखें, त्वचा ढीली होना, पेशाब बहुत कम या बंद, बच्चा सुस्त या बेहोश, धंसी हुई आँखें गंभीर निर्जलीकरण का सबसे स्पष्ट संकेत हैं।

**124. [a]**

**व्याख्या:-**

नवजात शिशु में आँखों का संक्रमण:

- गंदे हाथ, संक्रमित माँ, गंदे कपड़े से होता है और इसे **कंजक्टिवाइटिस** कहते हैं।

**125. [b]**

**व्याख्या:-**

- गलघोटू में Corynebacterium diphtheriae बैक्टीरिया द्वारा निर्मित टॉक्सिन गले में मोटी सफेद/धूसर झिल्ली बनाता है।
- यह झिल्ली धीरे-धीरे श्वासनली को अवरुद्ध कर देती है, जिससे सांस लेने में कठिनाई होती है।
  अगर समय पर एंटीटॉक्सिन और चिकित्सा उपचार न मिले, तो यह सांस रुकने और मृत्यु का कारण बन सकती है।
- इसलिए गलघोटू का सबसे गंभीर खतरा सांस रुकना है।

**126. [b]**

**व्याख्या:-**

- टिटनेस का कारण Clostridium tetani बैक्टीरिया है।
- यह बैक्टीरिया ऑक्सीजन की कमी वाले गहरे घावों या असुरक्षित नवजात नाल के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है।
  बैक्टीरिया स्नायु तंत्र में टॉक्सिन बनाता है, जिससे मांसपेशियों में जकड़न और संकुचन होता है।
- साफ-सुथरे घाव और टीकाकरण (TT टीका) संक्रमण से बचाव के मुख्य उपाय हैं।

**127. [b]**

**व्याख्या:-**

- काली खाँसी में मुख्य खतरा साँस लेने में कठिनाई है।
- खाँसी के लगातार दौरे शिशु और छोटे बच्चों में हाइपॉक्सिया ($O_2$ की कमी) पैदा कर सकते हैं।
- गंभीर मामलों में साँस रुकना (Respiratory Arrest) हो सकता है, जो जानलेवा होता है।
- निर्जलीकरण, दस्त या एलर्जी आमतौर पर प्राथमिक खतरा नहीं हैं।

**128. [b]**

**व्याख्या:-**

- टीबी का मुख्य कारण Mycobacterium tuberculosis बैक्टीरिया है।
- यह रोग मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन अन्य अंग जैसे गुर्दा, हड्डी और मस्तिष्क भी प्रभावित हो सकते हैं।
- फैलाव मुख्यतः सांस के माध्यम से होता है (खाँसी, छींक)।

**129. [b]**

**व्याख्या:-**

- निमोनिया (Pneumonia) में फेफड़ों में सूजन और तरल पदार्थ भरना होता है।
- इससे ऑक्सीजन का अवशोषण कम हो जाता है और शरीर की कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुँच पाती।
- गंभीर मामलों में यह सांस की गंभीर कमी या रुकने का कारण बनती है, जो मृत्यु तक ले जा सकती है।
- दस्त, उल्टी या एलर्जी मुख्य कारण नहीं हैं।

**130. [b]**

**व्याख्या:-**

- एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें हीमोग्लोबिन का काम शरीर कोशिका तक ऑक्सीजन पहुँचाना है।
- इसकी कमी से व्यक्ति को कमजोरी, थकान और चक्कर आ सकते हैं।

**131. [c]**

**व्याख्या:-**

- विकास में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक– सभी क्षेत्रों में गुणात्मक व मात्रात्मक परिवर्तन शामिल होते हैं। यह गर्भाधान से मृत्यु तक चलने वाली सतत प्रक्रिया है, न कि केवल आकार या आयु की वृद्धि।

**132. [c]**

**व्याख्या:-**

- सतत विकास का सिद्धांत बताता है कि विकास किसी एक अवस्था तक सीमित नहीं होता। यह गर्भाधान से आरम्भ होकर जीवन-पर्यन्त चलता रहता है। विकास की गति बदल सकती है**,** पर प्रक्रिया कभी रुकती नहीं है।

**133. [b]**

**व्याख्या:-**

- विकास की गति सभी क्षेत्रों में समान नहीं होती। किसी बालक में शारीरिक या गामक विकास सामान्य हो सकता है, जबकि भाषा या सामाजिक विकास धीमा। यह सिद्धांत बताता है कि विकास बहु-आयामी एवं असमान गति से होता है।

**134. [c]**

**व्याख्या:-**

- प्रारंभिक बाल्यावस्था में मस्तिष्क सर्वाधिक ग्रहणशील होता है। इस अवधि में यदि उपयुक्त भाषिक वातावरण न मिले, तो आगे भाषा विकास में स्थायी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो सकती हैं।

**135. [c]**

**व्याख्या:-**

- एरिक्सन के अनुसार किशोरावस्था में बालक “मैं कौन हूँ?” का उत्तर खोजता है। यही पहचान संकट उसके व्यक्तित्व विकास में निर्णायक भूमिका निभाता है।

**136. [c]**

**व्याख्या:-**

- अनुवांशिकता बालक के विकास की संभावित सीमाएँ निर्धारित करती है। बुद्धि, कद, शारीरिक संरचना आदि की अधिकतम सीमा जीन से तय होती है। वास्तविक विकास इस सीमा के भीतर पर्यावरणीय परिस्थितियों पर निर्भर करता है, अतः दोनों का समन्वय आवश्यक है।

**137. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ प्रि-नेटल विकास की प्रथम अवस्था युग्मनज अवस्था है, जो निषेचन से लेकर लगभग 2 सप्ताह तक रहती है। इस चरण में कोशिकाओं का तीव्र विभाजन होता है और भ्रूण गर्भाशय की दीवार में आरोपित होता है। यह अवस्था अत्यंत संवेदनशील होती है।

**138. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ जन्म से तीन वर्ष तक मस्तिष्क का सर्वाधिक तीव्र विकास होता है। न्यूरॉन्स के बीच संबंध तेजी से बनते हैं। इस काल में पोषण, उत्तेजना और अनुभव मस्तिष्क की संरचना को प्रभावित करते हैं, जिससे आगे के शारीरिक, बौद्धिक और संवेगात्मक विकास की नींव पड़ती है।

**139. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ पूर्व-प्राथमिक अवस्था में बालक वस्तुओं और भूमिकाओं को प्रतीक के रूप में प्रयोग करता है। यही प्रतीकात्मक चिंतन उसे काल्पनिक भूमिकाएँ निभाने और कल्पनाशील खेल खेलने में सक्षम बनाता है, जिससे संज्ञानात्मक व सामाजिक विकास को गति मिलती है।

**140. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ आयु-अनुरूप सीखना बालक की शारीरिक, संज्ञानात्मक और संवेगात्मक परिपक्वता पर आधारित होता है। यदि शिक्षण बालक की विकासात्मक अवस्था के अनुरूप न हो, तो अधिगम सतही, बोझिल और अस्थायी हो जाता है।

**141. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ इस आयु में बालक खेल और अनुभव से सीखता है। लिखित कार्य का दबाव उसकी कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता को बाधित करता है।

**142. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ अधिगम में उपलब्धि अभिप्रेरणा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह बालक को प्रयास करने, लक्ष्य प्राप्त करने और कठिनाइयों से जूझने की प्रेरणा देती है। अतः यह कहना कि उपलब्धि अभिप्रेरणा की कोई भूमिका नहीं है–असत्य है।

**143. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ रॉस के अनुसार चिन्तन मानसिक क्रियाओं का वह पक्ष है जो ज्ञान, तर्क, निर्णय और समस्या समाधान से संबंधित है। चिन्तन के माध्यम से व्यक्ति अनुभवों का विश्लेषण करता है और निष्कर्ष निकालता है। इसलिए चिन्तन को मानसिक क्रिया का ज्ञानात्मक पक्ष कहा गया है।

**144. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ शारीरिक एवं गत्यात्मक विकास बहुआयामी सिद्धांतों पर आधारित होता है। विकास पहले सिर से पैरों की ओर (Cephalocaudal), फिर निकट से दूर (Proximodistal) तथा सामान्य क्रियाओं से विशिष्ट कौशलों की ओर बढ़ता है। ये सभी सिद्धांत एक साथ विकास की दिशा स्पष्ट करते हैं।

**145. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ संज्ञानात्मक विकास से आशय स्मरण, ध्यान, तर्क, समस्या समाधान और अवधारणा निर्माण जैसी मानसिक प्रक्रियाओं के क्रमिक विकास से है। यह बालक को ज्ञान प्राप्त करने, उसे संगठित करने और व्यवहार में लागू करने में सक्षम बनाता है।

**146. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ संज्ञानात्मक विकास केवल आनुवंशिकता पर निर्भर नहीं होता। अनुभव, सामाजिक वातावरण और शिक्षा भी इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**147. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ चॉम्स्की के अनुसार भाषा सीखना केवल अनुकरण या अभ्यास का परिणाम नहीं है। मानव मस्तिष्क में जन्मजात भाषा-अधिगम क्षमता होती है, जिसे LAD कहा गया। यही जैविक पूर्वप्रवृत्ति भाषा विकास को संभव बनाती है।

**148. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ मीड के अनुसार बालक समाज में दूसरों की भूमिका को समझकर व्यवहार करना सीखता है। यही प्रक्रिया सामाजिक विकास की आधारशिला है। 'Self' का विकास सामाजिक अंतःक्रिया द्वारा होता है, जहाँ बालक दूसरों की अपेक्षाओं को आत्मसात करता है।

**149. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ गिलफोर्ड ने सृजनात्मकता को Divergent Thinking से जोड़ा। इसमें व्यक्ति एक ही समस्या के अनेक नवीन समाधान खोजता है। यह क्षमता मौलिकता, प्रवाहशीलता और लचीलापन विकसित करती है, जो सौन्दर्यबोध और कला-अभिव्यक्ति का आधार बनती है।

**150. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ शाला-पूर्व शिक्षा में शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और संवेगात्मक विकास पर बल दिया जाता है। यही समग्र विकास आगे की औपचारिक शिक्षा के लिए मजबूत आधार बनता है, इसलिए इसे आधारशिला कहा जाता है।


♦ ♦ ♦ ♦

विज्ञापन

# सफलता की चाबी
# राजस्थान परीक्षा हेतु PYQ's सीरीज़



## लक्ष्य क्लासेज उदयपुर के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में,
## अक्षांश प्रकाशन द्वारा प्रकाशित।







Scan to Download Lakshya App Now

Google play

MRP: ₹220

व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

S.No. AP0070 CODE : APDO(35) NRT

**राजस्थान के सभी बुक स्टोर्स एवं लक्ष्य क्लासेज एप्लीकेशन पर उपलब्ध!**

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
# लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur